# 45 वार्षिक रिपोर्ट

## विषय


| | | |
|---|---|---|
| 1. | निष्पाद : एक दृष्टीपात | 3 |
| 2. | अध्यक्ष का वक्तव्य | 6-11 |
| 3. | अंशधारियों के लिए निदेशकों की रिपोर्ट (अनुलग्नक) I,II | 12-27 |
| 4. | महालेखा नियंत्रक की टिप्पणियाँ | 28 |
| | वार्षिक लेखा | |
| 5. | लेखा परिक्षको की रिपोर्ट | 29-32 |
| 6. | तुलनपत्र | 33 |
| 7. | लाभ हानि लेखा | 34 |
| 8. | लेखा की अनुसूचियाँ एवं अनुलग्नक | 35-60 |

# मैंगनीज ओर (इंडीया) लिमिटेड

(सरकारी उपक्रम)

## पंजीकृत कार्यालय

३ माऊंट रोड एक्सटेंशन, पोस्ट बॉक्स नं. ३४,
नागपूर - ४४०००१ (महाराष्ट्र)

## निदेशक मंडल

(24.08.2007)

### अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

श्री के. एल. मेहरोत्रा

### निदेशक

श्री अजय कुमार
श्री वी.के. जयरथ
डॉ. देवराज बिरदी (27-11-06 तक)
श्री सेवा राम (13-07-07 से)
श्री एस. के. बॅनर्जी
श्री ए. बलराज (25-06-07 से)
डॉ.डी.डी. कौशीक (25-06-07 से)
डॉ. एम. महाराजन (25-06-07 से)

श्री बी. बी. चौधरी (30-4-07 तक)
निदेशक (वाणिज्यिक)

श्री ए. के. मेहरा (01-05-07 से)
निदेशक (वाणिज्यिक)

श्री एम.ए.वी गौतम
निदेशक (वित्त)

श्री सी. पी. एन. पाठक
निदेशक (उत्पादन एवं योजना)

### कंपनी सचिव

श्री. बी. दासगुप्ता

### अंकेक्षक

रोडी डबीर अॅन्ड कं
सनदी लेखाकार, नागपुर

### बॅंकर्स

बॅंक ऑफ इंडिया
भारतीय स्टेट बॅंक
सिंडीकेट बॅंक

# निष्पाद : एक दृष्टिपात

| विवरण | 2006-07 | 2005-06 | 2004-05 | 2003-04 | 2002-03 | 2001-02 | 2000-01 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वित्तीय (रुपये लाखों में) | | | | | | | |
| विक्रय | 41762.99 | 33,409.96 | 37,877.58 | 22,874.25 | 17,787.60 | 16,791.80 | 16,522.42 |
| अन्य आय | 3419.26 | 2209.34 | 934.34 | 585.39 | 443.07 | 619.67 | 448.47 |
| कुल आय | 45182.25 | 35619.30 | 375811.92 | 23459.64 | 18230.67 | 17411.47 | 16970.89 |
| सकल पडता | 21,020.78 | 17,947.46 | 21065.17 | 5266.73 | 3458.79 | 3835.23 | 3682.59 |
| कराधान पूर्व लाभ | 20,114.58 | 16,900.48 | 20,226.73 | 4,529.43 | 2,783.07 | 2,996.18 | 3,099.38 |
| कराधान पश्चात लाभ | 13,420.75 | 11,451.70 | 12,690.03 | 2,851.60 | 1,778.06 | 1,951.80 | 2,004.76 |
| लाभांश | 2,800.00 | 1992.27 | 919.51 | 459.75 | 413.78 | 413.78 | 413.78 |
| अंश पूंजी | 2,800.00 | 1,532.55 | 1,532.51 | 1,532.51 | 1,532.51 | 1,532.51 | 1,532.51 |
| आरक्षित व अधिशेष | 43,348.50 | 34,404.57 | 25,224.55 | 13.584.16 | 11,251.22 | 10,438.90 | 8,900.83 |
| कर्जदारी | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| सकल परिसंपत्ति | 17,151.97 | 13,928.47 | 12,638.97 | 11,272.08 | 10,772.49 | 9,656.36 | 9,007.53 |
| कार्यचालन पूंजी | 34,285.38 | 28,278.00 | 20,871.00 | 9,833.00 | 7,505.00 | 7,610.35 | 6,232.00 |
| लगी पूंजी | 41,894.00 | 33,772.00 | 26,077.00 | 14,207.00 | 12,000.00 | 11,592.00 | 10,022.00 |
| सकल पडता से लगी पूंजी का प्रतिशत | 48.01 | 50.04 | 77.57 | 31.88 | 23.19 | 25.85 | 30.92 |
| कराधान पूर्व का विक्रय से प्रतिशत | 48.16 | 50.59 | 53.40 | 19.80 | 15.65 | 17.48 | 18.76 |
| ऋण सम्यक अनुपात | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| **राजकोष में योगदान** | | | | | | | |
| आयकर | 6,035.41 | 5,501.49 | 7,529.65 | 1,719.17 | 991.78 | 1,044.38 | 1,094.62 |
| विक्री कर | 1,524.00 | 1,348.10 | 1,642.24 | 914.64 | 731.59 | 566.98 | 659.44 |
| स्वामित्व तथा उपकर | 1,148.88 | 908.62 | 1,036.53 | 586.52 | 472.26 | 398.14 | 310.55 |
| उत्पाद शुल्क | 381.85 | 460.87 | 408.15 | 481.25 | 353.94 | 335.47 | 444.30 |
| **वस्तुगत उत्पादन** | | | | | | | |
| मैंगनीज अयस्क (लाख टन) | 10.47 | 8.65 | 9.43 | 7.99 | 7.14 | 6.76 | 6.54 |
| ई.एम.डी. (टन) | 1312 | 1301 | 1123 | 975 | 930 | 786 | 781 |
| फैरो मैंगनीज (टन) | 10200 | 6170 | 10,325 | 10,899 | 5,996 | 8,763 | 11,327 |
| प्रती मानवपाली उत्पादन ( ओ.एम.एस./टन) | 0.664 | 0.551 | 0.610 | 0.507 | 0.446 | 0.411 | 0.378 |

# निदेशक मंडल

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक



श्री के. एल. मेहरोत्रा

## निदेशक



श्री अजय कुमार



श्री वी.के. जयरथ



श्री सेवा राम
(13-07-07 से)



श्री एम.ए.वी गौतम



श्री सी. पी. एन. पाठक



श्री ए. के. मेहरा
(01-05-07 से)



डॉ. देवराज बिरदी
(27-11-06 तक)



श्री बी. बी. चौधरी
(30-4-07 तक)

# निदेशक



श्री एस. के. बॅनर्जी



श्री ए. बलराज
(25-06-07 से)



डॉ.डी.डी. कौशीक
(25-06-07 से)



डॉ. एम. महाराजन
(25-06-07 से)

# वरिष्ठ अधिकारी



श्री.पी.डी.शर्मा
महाप्रबंधक (उत्पादन)



श्री.जी.पी.कुंदरगी
महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट एवं डिव्हीजन)

# अध्यक्ष का वक्तव्य

## दिनांक 30 जुलाई 2007 को नागपुर में संपन्न हुई 45 वीं वार्षिक सर्वसाधारण सभा



**श्री के. एल. मेहरोत्रा**
**अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक**

प्रिय शेयर धारकों,

इस कम्पनी की 45 वीं वार्षिक सर्वसाधारण सभा में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है । मुझे विश्वास है कि 31 मार्च 2007 को समाप्त हुए वर्ष की अंकेक्षित वार्षिक लेखा एवं निदेशकों की रिपोर्ट आपको प्राप्त हो चुकी है और आपकी अनुमति से मैं उसे पढने जा रहा हूँ ।

### भारतीय इस्पात एवं फेरो अलॉय का परिदृश्य :

पिछले कुछ वर्षोसे भारतीय इस्पात उत्पादन में वृद्धि देखी जा रही है। इस्पात उन्मुख उद्योग जैसे आटोमोबाईल्स, विनिर्माण, संरचना विकास इ. में प्रतिस्पर्धात्मक अवसर देखे जा रहे है । भारतीय जनता के जीवन प्रणाली में तिव्रगति से हो रहे परिवर्तन तथा उपभोक्ता वस्तुओं की लोक प्रियता से इस्पात की मांग की प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है । भारत में नीचे दर्शाए गए तीन प्रमुख क्षेत्र जहां इस्पात की खपत होती है वहां प्रौद्योगिकी परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहे है ।

* औद्योगिक विनिर्माण (औद्योगिक शेड, भंडारन सुविधा, आंतरिक परिवहन, कच्चे माल की व्यवस्थापन प्रणाली इ. )
* भौतिकीय संरचना (रेल्वे,बंदरगाह, बांध, पुल, रस्ते, हवाई अड्डा इ. )
* वाणिज्यिक संरचना (कार्यालय इमारत, शॉपींग कॉम्पलेक्स तथा आवासीय कॉम्पलेक्स )

इन उद्योगों ने, घरेलू बाजार में, भारी विकास की संभावना का प्रदर्शन किया है । इससे मैंगनीज अयस्क के भारी मात्रा में मांग में बढत की लहर आई है । फेरो अलॉय उद्योग तो मैंगनीज अयस्क के लिए लगभग टूट पड रहे है और आपकी कंपनी अपनी पूरी पूरी कोशिश कर रही है कि उनके मांग की पूर्ति की जाए । यह बात इससे ही स्पष्ट हो जाती है कि **आपकी कंपनी के इतिहास में पहली बार उत्पादन एवं बिक्री ने दस लाख का आंकडा पार कर लिया** । यह कुल मिलाकर बहुत बडी उपलब्धि है और घरेलू इस्पात एवं फेरो अलॉय उद्योग को काफी हद तक महत्वपूर्ण कच्चा माल अर्थात मैंगनीज अयस्क के मांग की पूर्ति करने में समर्थ बनाया है। हालांकि कुछ अयस्क की मात्रा आयातित करनी पडी, किंतु उसे हम टाल नहीं सकते कारण देश में ही अयस्क की उपलब्धता सीमित है ।

* राष्ट्रीय इस्पात नीति के अनुसार वर्ष 2009-10 तक इस्पात का उत्पादन 6 करोड टन करना प्रायोजित है तथा 2020 तक 110 करोड टन । भारतीय इस्पात निर्माताओं ने नई परियोजनाओं की घोषणा की है, की यदि सब ठीक-ठाक चलता है तो 2012-13 तक 5 करोड टन जुड सकेंगे, परिणाम स्वरूप औद्योगिक

स्त्रोतों के अनुसार प्रायोजित इस्पात उत्पादन 9.5 करोड टन के आसपास होगा। वर्ष 2010 तक मैंगनीज अयस्क मांग का अंतर 1.52 मिलियन टन तथा 2020 तक 2.17 मिलियन टन होगा। इस भारी मांगपूर्ति हेतु कंपनी ने पहले ही कार्य योजना बनाई जो नीचे दर्शाए अनुसार है :-

* यंत्रीकृत खनन प्रचालन द्वारा उत्पादन वृद्धि करना।

* खनिज उन्नयन द्वारा रिकवरी को उन्नत कर उत्पादन बढाना। मॉयल ने अपनी डोंगरी बुजुर्ग खान पर 4.0 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता का बेनीफिशिएशन संयंत्र स्थापित किया है, 5 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता का एक अन्य बेनीफि शिएशन संयंत्र बालाघाट में निर्माणाधीन है तथा मई /जून 2007 तक स्थापित होना अपेक्षित हैं

* बालाघाट खान के शाफ्ट और अधिक गहरा करना, गुमगांव, बेलडोंगरी तथा उकवा खान पर नए वर्टीकल शाफ्ट सिकींग करकेउत्पादन में वृद्धि करना।

* मॉयल ने पट्टा क्षेत्र में रिझर्व के आवर्धन हेतु बडे पैमाने पर गवेषण कार्य हाथ में लिया है। लगभग 6000 मीटर प्रतिवर्ष ड्रिलिंग की जा रही है तथा पिछले 5 वर्षोके दौरान 30,000 मीटर ड्रिलिंग की जा चुकी है। कंपनी 5.3 मिलियन टन ईन-सिटू रिजर्व सिद्ध करने में समर्थ हुई है जो 1.32 मिलियन टन शुद्ध अयस्क के बराबर में है।

* उपरोक्त कदम के अलावा कंपनी खनिज गवेषण निगम लि. (एमईसीएल) सरकारी उपक्रम को 3000 मीटर ड्रिलिंग करने का काम सौपा है जिसमें से 1700 मीटर की ड्रिलिंग की जा चुकी है।

* कंपनी बेनीफिशिएशन संयंत्र से उत्सर्जित उच्च श्रेणी फाईन का संपिडीकरण करने हेतु सिंटरीग संयंत्र बनाना प्रस्तावित कर रही है जिससे फेरो अलॉय उद्योग में सिन्टर्ड मिश्रण की उपलब्धता में बढोतरी हो।

* उत्पादन वृद्धि के लिए ओपन कास्ट एवं अंडर ग्राउंड में डेवलपमेंट का कार्य बडे पैमाने पर किया जा रहा है।

* उत्पादकता (आउट पुट पर मैन शिप्ट) में यंत्रीकरण एवं मजदूरों को इंसेन्टीव योजना द्वारा सुधार हो रहा है। उत्पादकता में पिछले कई वर्षोसे बढोतरी होती आ रही है वर्तमान में वह 0.660 टन है।

* उपरोक्त कार्य योजना के द्वारा कंपनी वर्ष 2009-10 तक 1.2 मिलियन टन उत्पादन करने की स्थिति में हो जाएगी जिससे वह वर्ष 2010 के दौरान प्रायोजित मांग की 50 प्रतिशत पूर्ति करने में सक्षम रहेगी। राष्ट्रीय इस्पात नीति के अनुसार वर्ष 2020 तक इस्पात का उत्पादन 110 मिलियन टन होना है। इस प्रायोजित लक्ष के प्राप्ति हेतु 4.97 मिलियन टन मैंगनीज की आवश्यकता होगी। वर्ष 2020 तक मॉयल द्वारा 1.5 - 1.6 मिलिसल टन प्रायोजित उत्पादन को गृहित रखा जाय तो 2.17 मिलियन टन मांग-अंतर रहेगा। मॉयल, निम्नलिखित क्षेत्रों में संयुक्त उद्यम की संभावनाओं की खोज कर रही है :-

* इस्पात उद्योग के विकास के साथ साथ बढती हुई मांग के पूर्ति के लिए विभिन्न श्रेणियों के मैंगनीज अयस्क का इष्टतम उपयोग एवं मिश्रण (ब्लेड) करना।

* दक्षिण अफ्रीका में 4000 मिलियन टन का प्रमाणित संग्रह है जो विश्व के मैंगनीज अयस्क संग्रह का 80 % है किन्तु वहां विश्व का केवल 18 प्रतिशत उत्पादन होता है।

* दक्षिण अफ्रीका में संयुक्त उद्यम के द्वारा मैंगनीज धारित संग्रह को हासिल करने की संभावनाओं की खोज करना।

* मॉयल ने दक्षिण अफ्रीका के बी.एच.पी.बिलीटन से गठबंधन किया है जो उच्च श्रेणी न्यून फॉस. का आयात करने वाले विश्व के मैंगनीज अयस्क के सबसे बडे उत्पादक है। निम्न/मध्यम श्रेणी उच्च फॉस के साथ मैंगनीज अयस्क का मिश्रण (ब्लेंड) करना। आगत वर्षोमें फेरो अलॉय उद्योग की मांग के अनुरूप मॉयल के मैंगनीज अयस्क का अनुकूल ब्लेंड मुहैया कराना। कार्य-योजना के मुल्यांकन हेतु वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया है।

* स्थान तथा संभारतंत्र तथा संरचना सुविधा के विभिन्न पर्याय ध्यान में रखते हुए कंपनी ने मे. बी.एच.पी. बीलीटन के साथ दक्षिण अफ्रीका में फेरो अलॉय संयंत्र स्थापित करने हेतु " जॉईंट कन्सेप्ट स्टडी " पर हस्ताक्षर किए है।

**कार्य निष्पादन की विशिष्टताएं :**

वर्ष 2006-07 के दौरान **आपकी कंपनी के कार्य निष्पादन विशिष्टताएं जो कंपनी के इतिहास में सर्वोत्कृष्ट है,** का बयान करने में अत्याधिक प्रसन्नता हो रही है :-

*** आपकी कंपनी 10.47 लाख टन का उत्पादन किया जो पिछले वर्ष की तुलना 21.05 प्रतिशत अधिक है। यह कंपनी की स्थापना से अब तक के काल में पहली बार हुआ जब कंपनी ने 10 लाख टन का उत्पादन का आंकडा पार**




किया है ।

* **वर्ष 2006-07 के दौरान 11.77 लाख टन के मात्रा में मैंगनीज अयस्क की बिक्री की गई जो पिछले वर्ष से 55 % ज्यादा है । यह भी मॉयल के इतिहास में पहली बार हुआ जब बिक्री ने 10 लाख का आंकडा पार कर लिया ।**

* आपकी कंपनी ने कुल **451.53** करोड रूपये का राजस्व अर्जित किया जो पिछले वर्ष की तुलना में 26% अधिक है । यह भी कंपनी का कीर्तिमान है जब किसी एक वित्तीय वर्ष में कंपनी ने टर्न ओवर का 400 करोड रूपये का आंकडा पार किया ।

* वर्ष 2006-07 कंपनी को 134.21 करोड रूपये शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ जो वर्ष 2005 - 06 की तुलना में 17.19% अधिक है ।




* पहली बार की प्रथम उपलब्धी में 1:1 के प्रमाण में जारी किए गए बोनस शेअर से वर्तमान प्रदत्त पूंजी 15.33 करोड रूपये से बढकर 28.00 करोड रूपये हो गई ।

**ग्राहक संबंध:**

कंपनी ने सर्वप्रथम **ग्राहक हित नीति** बनाया है जिसमें अन्य बातों के साथ यह निर्देशित है कि समर्पित सेवा एवं गुणवत्ता सुनिश्चिती के द्वारा ग्राहकों से सौहार्दपूर्ण संबंध एवं उच्च स्तरीय ग्राहक संतुष्टि को प्राप्त करना है । मैं आपको हर्ष पूर्वक बताना चाहता हूं कि हमने " ग्राहक परिपृष्ठी फॉरमॅट " बनाया है ताकि हम हमारे सम्माननीय ग्राहक की प्रतिक्रिया ज्ञात कर अपनी त्रुटियों में सुधार कर सके ।

**गुणवत्ता :**

**WD XRF स्पक्ट्रो मीटर** के समावेश होने के पश्चात एवं मैंगनीज अयस्क की खानगी, पेपर ब्लेंड प्रणाली से न करने के कारण कंपनी उच्चतर की गुणवत्ता की सुनिश्चितता पाने में सफल हुई है ।

**निगमित संचालनः**

आपकी कंपनी उसके नीतिगत ढांचे एवं मार्गदर्शक तत्वों के अंतर्गत अपने व्यवहार में पूर्ण रूप से पारदर्शिता रखने पर विशेष बल देती है । आपकी कंपनी का यह प्रयास है किनिगमित शासन के तत्व जैसे पारदर्शिता, विश्वसनियता, खुलापन एवं जवाबदेही के आधार पर अंशधारक, कर्मचारी एवं ग्राहक के मध्य विश्वास का निर्माण करना है । आपकी कंपनी उत्तम संचालन व्यवहार के लिए वचनबद्ध है जो लंबे समय तक अंशधारक गरिमा को बनाए रखेंगी ।

**मानव संसाधन विकास :**

आपकी कंपनी मानव संसाधन विकास को अत्याधिक महत्व प्रदान करती है, जिसका प्रमुख उद्देश्य कर्मचारियों में कुशलता, ज्ञान तथा प्रतिस्पर्धा में वृद्धि करना है । हमारा प्रमुख बल इस बात पर है कि अपने कर्मचारियों की योग्यता को अधिकृत, समर्थ एवं वृद्धिगत करना है जिससे वे इस बदलते व्यापारिक परिवेश के अनुकूल अपने आपको ढाल सके । आपकी कम्पनी अपने कर्मचारियों को समकालिन दुनिया के साथ साथ विचार करने के लिए प्रोत्साहित करती है और वे सभी संभावित अवसरों का लाभ उठाकर अपने योग्यता साबित कर सके ।

**मॉयल में प्रत्येक बुधवार 'प्रशिक्षण दिवस ' है ।** मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि नवम्बर 2006 में कंपनी ने मनसर खान पर एक साधन संपन्न आधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण किया है । परंपरागत तौर पर प्रत्येक बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें खनन, यांत्रिकी, विद्युतीय, नागरी अभियांत्रिकी, सुरक्षा, स्वास्थ्य , मानव संसाधन विकास आदि विषय होते है ताकि कर्मचारियों का व्यक्तित्व के साथ साथ कॅरिअर भी विकसित हो । इन कार्यक्रमों का संचालन संबंधित विषय के विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है । इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के परिणाम

स्वरूप हमारे कर्मचारी गुणात्मक एवं मात्रात्मक रूप से अपना कार्य निष्पादन बेहतर तरीके से करने में सक्षम हुए है । आपकी कंपनी ने अपने अधिकारियों के लिए " मूल्य निर्माण " विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया है ।

**पर्यावरण :**

**' हम ना केवल काला या भूरा उत्पादित करते है बल्कि हमारी नजर हरी भरी है '** । मॉयल में पर्यावरण एवं सुरक्षा के पहलू परस्पर जुडे है तथा वे संस्थान की संस्कृति बन गए है । मॉयल की स्थाई प्रगति का केन्द्र एवं लक्ष्य का कारण उसकी खान तथा उसके आसपास के स्वच्छ पर्यावरण के प्रति लगन है । ढांचागत पर्यावरण मॉनीटरींग, प्रबंध कीय प्रणाली तथा अंकेक्षण द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है की देश के पर्यावरण संवर्धन कानून का ठीक ठीक पालन किया जा रहा है ।

कंपनी के पर्यावरण नीति की परिकल्पना है कि अपने कर्मचारियों, सहयोगी तथा ग्राहक को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए प्रोत्साहित करना । **' निसर्ग की देखभाल प्रथम एवं सदैव '** हमारा आदर्श वाक्य है ।

**ई-कॉमर्स :**

संपूर्ण पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने हेतु कंपनी इस्पात मंत्रालय के अधीन सरकारी उपक्रम मेटल ट्रेडींग कॉर्पोरेशन लि. के सहयोग से ई-सेल्स एवं ई-प्रोक्यूरमेंट का संचालन कर रही है । आपकी कंपनी एम.एस.टी.सी. के माध्यम से स्क्रॅप का निपटार ई-ऑक्सन के द्वारा कर रही थी और अब फेरो मैंगनीज एवं फेरो मैंगनीज स्वयं के लिए ई-सेल का प्रारंभ किया गया है । वर्ष 2006-07 के दौरान फेरो मैंगनीज एवं फेरो मैंगनीज स्लॉग के ग्यारह बार ई-सेल के कार्य संचालित किए गए । मॉयल के इतिहास में पहली बार मैंगनीज डाय-ऑक्साईड अयस्क का ई-सेल में समावेश किया गया है । वर्ष 2006-07 के दौरान ई-सेल के माध्यम से अर्जित राजस्व 41.49 करोड रूपये था । वर्ष 2007-08 के दौरान भी ई-सेल जारी रहा तथा अब तक 3 घटनाएं सम्पन्न की जा चुकी है जिससे 46.79 करोड रूपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है ।

**लाभांश :**

एक अच्छे निगम के अनुरूप आपकी कंपनी अपने अंशधारकों को साल-दर-साल अधिक से अधिक लाभ देने में विश्वास करती है । वर्ष 2006-07 के दौरान आपकी कंपनी में अच्छा लाभ अर्जित किया है तथा आपके निदेशक मंडल ने, बोनस शेअर जारी करने के पश्चात बडे हुए साधारण शेअर अर्थात 28 करोड रूपये पूंजी पर 100 प्रतिशत लाभांश देने की सिफारिश की है । कंपनी के प्रारंभ से अब तक का सर्वोच्च लाभांश है । मुझे विश्वास है कि इस उच्च दर के लाभांश से अंशधारक अवश्य प्रसन्न एवं उसकी सराहना करेंगे ।

**समझौते का ज्ञापनः**

आपको ज्ञात है कि मॉयल देश की उन कुछ सरकारी उपक्रमों में से एक है जो लगातार 17 वर्षोसे सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर रही है । आपकी कंपनी , पिछले 11 वर्षोसे चालू वर्ष सहित लगातार **" उत्कृष्ट "** श्रेणी प्राप्त करते आ रही है । समीक्षा वर्ष के लिए आपकी कंपनी को अपने कार्य निष्पादन के लिए **" उत्कृष्ट "** दर्जा प्राप्त हुआ है ।

**संशोधन एवं विकास :**

आपकी कंपनी नवीन खनन पद्वति में सुधार, प्रचालन क्षमता में सुधार तथा लागत में घटौती के लिए निरंतर शोध एवं विकास कार्य में लगी रहती है । आपकी कंपनी समग्र रूप से कार्य क्षमता में सुधार होने हेतु नवीन विस्फोट तकनीकी, भूमिगत सपोर्ट प्रणाली, अयस्क, रखरखाव इत्यादि दिशा में सुधार लाने के काम में लगी हुई है ।

**उभरती प्रौद्योगिकीयाँ :**

आपकी कंपनी ने देश के मैंगनीज अयस्क उद्योग की अगुआ रहने के कारण अन्यों से आगे प्रौद्योगिकी कुशलता हासिल करने हेतु, अनेक कदम उठाएं है । कंपनी ने खनन एवं खनन प्रक्रिया के क्षेत्र में कई नव-नवीन संकल्पनाओं को लागू किया है । इसके अलावा, आपकी कंपनी मैंगनीज अयस्क आधारित रसायन के उत्पादन की प्रौद्योगिकी प्राप्त करने हेतु प्रयासरत है। वर्ष के दौरान प्रौद्योगिकी प्रोन्नति क्षेत्र अर्थात मैंगनीज अयस्क का सिन्टरींग जैसे महत्वपूर्ण काम हाथ में लिया है । आपकी कंपनी की योजना है कि संयुक्त उद्यम के तहत बालाघाट खान पर मैंगनीज अयस्क के सिन्टरींग हेतु संयंत्र स्थापित करें । इस संबंध में संभाव्यता अध्ययन पूर्ण किया जा चुका है तथा आगे की कार्यवाही की जा रही है ।

**निगमित सामाजिक जिम्मेदारीः**

पर्यावरण सुरक्षा एवं सामाजिक विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आपकी कंपनी ने खदानों के आसपास रहने वाले समुदाय के जीवन स्तर को उंचा उठाने हेतु कल्याण कारी योजना के कई कदम उठाए है । आपकी कंपनी ने सरकार के निर्देशानुसार निधी का प्रावधान करते हुए, क्रमशः निगमित सामाजिक

जिम्मेदारी के कार्य की सीढीयाँ चढ रही है ।

आपकी कंपनी ने निम्नलिखित निगमित सामाजिक जिम्मेदारी के कार्य का निर्वहन , निरंतरता को बनाए रखते हुए किया है :-

* पाठशालाओं का निर्माण
* पोलीटेकनिक के द्वारा तक्नीकी शिक्षा प्रदान करना
* विद्यार्थियों को शालेय शुल्क, यूनिफार्म , पाठ्य पुस्तकें इ. मुहैयूया कराना
* सुदूरवर्ती गावों को मुख्य सडक से जोडने हेतु जोड रास्तों का निर्माण
* गावों में चिकित्सा शिविर का आयोजन तथा दवाईयों का बटवारा, एम्बुलेंस सुविधा, कंपनी के चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर गांवों में भेट देने के कार्य किए जा रहे है
* ग्रामों में पेयजल की पूर्ति
* सुदूरवर्ती गावों में बस-स्टॉप का निर्माण
* खदानों के समीपवर्ती गावों में मोक्षधाम तथा अन्य संबंधित सुविधाओं का निर्माण

इसके अलावा मंत्रालय की ओर से प्राप्त निर्देशानुसार आपकी कंपनी ने हाल ही में दो सुदूरवर्ती गांवों को गोद लिया है एक महाराष्ट्र के डोंगरी बुजुर्ग खान के समीप तथा अन्य मध्यप्रदेश के बालाघाट खान के समीप स्थित है । इन गावों में सौर पथदीप, पेयजल सुविधा, चिकित्सा सुविधा, रास्तों का सुधार, पाठशाला भवन इ. जैसे विकास के कार्य किए जा रहे है ।

**<u>उपलब्धियाँ :</u>**

* जून 2006 में मध्यप्रदेश देवास के निकट नागदा पर्वतमाला में 5 मे.वा. पवन उर्जा प्रकल्प सफलतापूर्वक प्रारंभ हो गया और यह हर्ष का विषय है कि संयंत्र ने एक वर्ष के काल में अर्थात जुलाई 2007 तक 9.6 लाख युनिट के गारंटीड उर्जा की तुलना में 11 लाख युनिट की उर्जा का उत्पादन किया है ।

* बालाघाट खान पर 500.000 टी.पी.ए. का एकीकृत बेनीफिसिएशन संयंत्र प्रारंभ किया गया है जो परिक्षणाधिन है

* निगमित मुख्यालय "मॉयल भवन" का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा माननीय रसायन, उर्वरक तथा इस्पात मंत्री, भारत सरकार के द्वारा भवन का उद्घाटन किया गया है ।

* 5 एम.एल.डी.क्षमता जल पूर्ति योजना का कार्य समाधानपूर्वक चल रहा है । यह निर्णय लिया गया है कि कंपनी द्वारा 1.0 लाख लिटर जल निकटस्थ ग्रामों को मुफ्त में मुहैय्या कराई जाएगी । इस योजना के अंतर्गत 11 कि.मी.दूर वैनगंगा नदी से बालाघाट खान को पाईप लाईन द्वारा जलपूर्ति की जाएगी । लगभग 5 कि.मी. पाईप लाईन का कार्य पूर्ण हो चुका है । आगे, भूतल भंडारण जल कुंभ, ओवर हेड टँक, कुओं का निर्माण हो चुका है । संपूर्ण योजना शीघ्र ही पूरी तरह से कार्यान्वित हो जाएगी ।

ए.बी.सी.डी.टाईप क्वार्टर निर्माण का प्रथम चरण पूर्ण होकर कर्मचारियों को उनके पदक्रमानुसार आबंटित कर दिया गया है । कंपनी शीघ्र ही दुसरे चरण का कार्य आरंभ करने की योजना बना रही है ।

**नई पहल :**

एक महत्वपूर्ण पहल के तौर पर मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे फेरो अलॉय तथा मैंगनीज आधारित रसायन के क्षेत्र का दायरा संयुक्त उद्यम के मार्फत देश एवं विदेश दोनों में फैलाने हेतु आपकी कंपनी ने भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) के साथ भिलाई में फेरो अलॉय उत्पादन हेतु संयंत्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है । जिसकी लागत पूंजी 225 करोड रूपये होगी ।

* 5 मेगावाट पवन उर्जा की सफलता से उत्साहित होकर, जो अपनी पूर्ण क्षमता के साथ प्रतिवर्ष 10 लाख युनिट विद्युत उर्जा का निर्माण कर रहा है, आपकी कंपनी ने ,उसी जगह ,उसकी क्षमता और अधिक 15 मेगावाट बढाने के लिए कदम उठाएं है ।

* उच्च श्रेणी मैंगनीज अयस्क को सिंटरींग प्रक्रिया के द्वारा संपिडन सुविधा स्थापित करने हेतु आपकी कंपनी ने समझौता ज्ञापन किया है । यह प्रकल्प संयुक्त उद्यम के तहत स्थापित किया जावेगा ।

**पुरस्कार एवं उपाधियाँ :**

समीक्षाधिन वर्ष के दौरान अपने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए कई संगठनों द्वारा आपकी कंपनी को मान्यता प्राप्त हुई है , उसमें से प्रमुख पुरस्कार नीचे दर्शाए अनुसार है :-

* राष्ट्रीय उर्जा संवर्धन पुरस्कार - प्रथम पुरस्कार रासायनिक वर्ग में उर्जा संवर्धन के उत्तम प्रयास के लिए इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाय ऑक्साईड संयंत्र को प्राप्त हुआ । आपके इस ई.एम.डी.संयंत्र ने लगातार दुसरे वर्ष भी यह पुरस्कार प्राप्त किया है ।

* राष्ट्रीय उर्जा संवंर्धन पुरस्कार - प्रथम पुरस्कार खनन वर्ग में बालाघाट खान को प्राप्त हुआ । कंपनी के प्रारंभ से अब तक के कार्यकाल में पहली बार आपकी कंपनी ने खनन वर्ग यह प्रतिष्ठित पुरस्कार खिंच लाने में सफलता पाई है ।

* झारखंड के रामगढ में आयोजित अखिल भारतीय बचाव

प्रतिस्पर्धा धातु श्रेणी में ओवर ऑल प्रथम पुरस्कार कंपनी को प्राप्त किया ।

* नीचे दर्शाए अनुसार आपकी कंपनी ने तीन राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किए :-

* उकवा खान को वर्ष 2003 के लिए न्यूनतम चोट आवृत्ति की विजेता ट्रॉफी ।

* बेलडोंगरी खान को वर्ष 2002 के लिए दीघ्रतम दुर्घटना मुक्त अवधि के लिए रनर्स-अप ट्रॉफी ।

* गुमगांव खान को वर्ष 2002 के लिए दिर्घतम दुर्घटना मुक्त अवधि के लिए रनर्स-अप ट्रॉफी

* यह पुरस्कार भारत के आदरणिय उपराष्ट्रपति महामहिम श्री भैरोसिंह शेखावत ब्दारा दि.14 फरवरी 2007 को नई दिल्ली में प्रदान किये गये ।

* वर्ष 2004-05 तथा 2005-06 के दौरान समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्राईम मिनीस्टर मेरीट सर्टीफिकेट फॉर एक्सलेंस से पुरस्कृत किया गया । वर्ष 2000-01 से आपकी कपंनी प्रधान मंत्री का मेरिट प्रमाणपत्र सरकार से लगातार प्राप्त करती आ रही है । वर्ष 1995-96 से मॉयल लगातार ''उत्कृष्टता'' की श्रेणी प्राप्त करती आ रही है ।

**आभार :**

आपकी कंपनी ने जो उपलब्धियां एवं उपाधियाँ अर्जित की है वह मॉयल परिवार के हर एक सदस्य की सक्रिय सहायता एवं सहयोग से संभव हो पाया है । मैं मण्डल के सदस्यों के बहुमूल्य सलाह एवं मार्गदर्शन के लिए उनका हृदय से धन्यवाद प्रकट करता हूँ । मैं स्वीकार करता हूँ कि कंपनी को उंचाई पर पहुंचाने के लिए सभी स्तर के कर्मचारियों ने कठोर मेहनत एवं समर्पित प्रयास किया है । मैं आभारी हूं, इस्पात मंत्रालय, अन्य मंत्रालय, भारत सरकार के विभाग, महाराष्ट्र सरकार, मध्यप्रदेश सरकार अन्य राज्य सरकार, कंपनी के बैंकर्स एवं मूल्यवान ग्राहकों का, जिन्होंने हमें हृदय से अपनी सहायता प्रदान की ।

हम अपनी ओर से चुनौतियों का सामना करते हुए, अवसरों का फायदा उठाते हुए कंपनी की इस यात्रा को भविष्य में लाभ-पथ पर अग्रसर करने का लगातार प्रयास करते रहेंगे । इस प्रयास में हम आगे भी आपकी सहायता की आशा करते है ।

सही/-
(के.एल.मेहरोत्रा)
अध्यक्षसह प्रबंध निदेशक

नागपुर :
दिनांक 30 जुलाई 2007



# अंशधारियों के लिए निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

आपके निदेशकों की ओर से कंपनी के व्यापार एवं प्रचालन पर कंपनी की 45वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च 2007 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी का अंकेक्षित लेखा-जोखा पेश करते हुए हर्ष हो रहा है ।

**वित्तीय परिणाम :**

वर्ष 2006-07 तथा गत वर्ष का वित्तीय परिणाम नीचे दर्शाए अनुसार है :-

| | | लाख रूपये |
|---|---|---|
| | 2006-07 | 2005-06 |
| कुल बिक्री | 41762.99 | 33409.96 |
| वर्ष के लिए कर पूर्व लाभ | 20114.58 | 16911.99 |
| **घटाएं :** आय कर के लिए प्रावधान | 6008.63 | 5469.72 |
| फ्रिज बेनीफिट कर के लिए प्रावधान | 26.78 | 31.77 |
| जोड/घटाः स्थगित कर (संपति/देयताएं) | 658.42 | 52.77 |
| वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ | 13420.75 | 11451.71 |
| **जोडः** पिछले वर्ष से आगे ली गई राशि | 147.96 | 67.94 |
| **कुलः** | 13568.71 | 11519.65 |
| **घटाएं :** सामान्य | 560.00 | 766.26 |
| शेयर पर प्रस्तावित अंतिम लाभांश @ 20% (50%) | | |
| लाभांश पर कर | 95.17 | 107.47 |
| सामान्य शेयर पर अंतरिम लाभांश @ 80%(NIL) | 2240.00 | 1226.01 |
| अंतरिम लाभांश पर कर | 314.16 | 171.95 |
| सामान्य संचय | 10300.00 | 9100.00 |
| **कुलः** | 13509.33 | 11371.69 |
| अग्रेनीत लाभ | 59.38 | 147.96 |

**लाभांश :**

वर्ष के दौरान कंपनी के वित्तीय परिणाम को देखते हुए आपके निदेशकों ने वर्ष 2005-06 में दिए गए 130% लाभांश की तुलना में इस वर्ष के लिए 20% लाभांश (80% अंतरिम लाभांश का समावेश करते हुए) की सिफारिश की है ।

**अन्य आय :**

नगद संबंधी दूरदर्शी योजना तथा अधिक्य कोष को सरकारी दिशा के तहत विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों में स्थायी जमा के रूप में रूपये 2199.73 लाख (रूपये 1344.16 लाख ) आय अर्जित की ।




**कार्यशील परिणाम उत्पादन एवं उत्पादकता**

वर्ष 2006-2007 के दौरान कम्पनी ने विभिन्न श्रेणी के मैंगनीज अयस्क का 10.47 लाख टन (गत वर्ष 8.65 लाख टन) उत्पादन अर्जित किया जबकि लक्ष्य 9.10 लाख टन था यानि उत्पादन लक्ष्य की तुलना में 115% रहा । ई.एम.डी. का उत्पादन 1312 टन (गत वर्ष 1301 टन ) रहा जो कि 1300 टन के निर्धारित लक्ष्य का 101% रहा । फेरो मैंगनीज का उत्पादन 10200 टन (गत वर्ष




6170 टन) हुआ जो कि निर्धारित लक्ष्य 8000 टन की तुलना में 128% रहा । कंपनी ने प्रति मैंनशिप्ट पर 0.664 टन (पिछले वर्ष 0.551 टन) का उत्पाद अर्जित किया जबकि लक्ष्य 0.440 टन का था ।

**ऊर्जा की बजत : ऊर्जा संवर्धन :**

ऊर्जा की बचत पर उत्पादन लागत को कम करने की राष्ट्रीय नीति पर चलते हुए कंपनी ने इस दिशा में भिन्न मितव्ययिता संबंधी कदम बढाए । ऊर्जा की बचत करने एवं विद्युत की खपत घटाने के लिए ऊर्जा



अंकेक्षण जैसे कदम उठाए गए । अंकेक्षण रिपोर्ट के आधार पर सुझाए गए कदम को उठाने से कंपनी को विद्युत बोर्ड की तरफ से बोनस प्राप्ति जैसा लाभ हुआ ।

महाराष्ट्र के भंडारा जिले की डोंगरी बुजुर्ग खान पर स्थित इलेक्ट्रोलिटिक मैंगनीज डाय आक्साईड संयंत्र में ऊर्जा संवर्धन हेतु किए गए विशेष प्रयासों के लिए लगातार दूसरे वर्ष भी रसायन क्षेत्र का राष्ट्रीय पुरस्कार ऊर्जा संवध्रन 2006 का प्रथम पुरस्कार कंपनी को प्राप्त हुआ । मध्यप्रदेश स्थित बालाघाट खान में खनन सेक्टर की राष्ट्रीय ऊर्जा संवर्धन का प्रथम पुरस्कार भी कंपनी ने प्राप्त किया । कंपनी को यह पुरस्कार पहली बार प्राप्त हुआ है ।

**विक्री :**




वर्ष 2006-07 के दौरान कंपनी ने 11.77 लाख टन मैंगनीज अयस्क की विक्री की, जबकि लक्ष्य 10.08 लाख टन था यानि विक्री 117% रही । ई.एम.डी. का विक्री 570 टन रहा जबकि लक्ष्य 1000 टन था । जो लक्ष्य की तुलना में 43% कम था । फैरो मैंगनीज की विक्री 11928 टन थी जो लक्ष्य 9000 टन की तुलना में 133% प्राप्ति हुआ । वर्ष के दौरान कारोबार रूपये 41762.99 लाख (ई.एम.डी.कारोबार रूपये 310.00 लाख तथा फैरो मैंगनीज रूपये 3669.70 लाख ) रहा जबकि लक्ष्य रूपये 30000.00 लाख(ई.एम.डी.रूपये 654.00 लाख एवं रूपये 2320.00 लाख ) था । वर्ष 2005-06 के दौरान रूपये 33409.96 लाख (ई.एम.डी. रूपये 658.87 तथा रूपये 2480.38 लाख फेरो मैंगनीज का समावेश करते हुए ) ।

**विदेशी मुद्रा अर्जन एवं निर्गमन:**

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2006-07 के दौरान मैंगनीज अयस्क का निर्यात नहीं किया ।




समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा खर्च पिछले वर्ष के 2.68 लाख रूपये की तुलना में रूपये 10.25 लाख रहा ।

**बंद भंडार :**

31 मार्च 2007 को कंपनी के पास 1.14 लाख टन मैंगनीज अयस्क का बंद भंडार था जिसका मूल्य 1922.91 लाख रूपये था जबकि 31.3.06 को कंपनी के पास 4672.72 लाख मूल्य का 2.75 लाख टन भंडार था । 31.3.07 को ई.एम.डी. 27.90 टन के कार्यशील बंद भंडार को मिलाकर 1080 टन था । जिसका मूल्य 475.35 लाख रूपये था इसकेअविपरीत 31.3.07 में 15.37 टन के क्रियाशील भंडार को मिलाते हुए 310 टन ईएमडी का अंतिम बंद भंडार था जिसका मूल्य 141.67 लाख रूपये था । 31.3.2007 को फैरो मैंगनीज का अंतिम भंडार 820 टन था जिसका मूल्य 214.46 लाख रूपये था । जबकि 31 मार्च 06 को 2548 टन था जिसका मूल्य 718.80 लाख रूपये था ।

**अंश पूजी :**

आपकी कंपनी में वर्ष 2006-07 के दौरान वर्तमान अंशधारकों को 1267486 सामान्य शेअर के बोनस इशू जारी किए है ।

31.3.2007 को कंपनी की प्रदत्त पूंजी 1532.51 लाख से बढकर 2800.00 लाख रूपये हो गई थी जिसमें केन्द्र सरकार 81.57%, महाराष्ट्र सरकार 9.62% तथा मध्यप्रदेश सरकार 8.81% का प्रतिनिधित्व है ।

**विविधीकरण परियोजना :**




एक निश्चित समय में कंपनी बहु उत्पाद संगठन बन सके, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कई नए उत्पाद/मूल्य वर्धित उत्पाद के निर्माण संबंधी कम्पनी ने महत्वाकांक्षी विविधीकरण परियोजना तैयार की है । इस प्रयास के तहत कंपनी निम्नलिखित परियोजनाओं को स्थापित/लागू कर रही है :-

1. **इलेक्ट्रोलायटिक मैंगनीज डाय आक्साईड (ई.एम.डी.) संयंत्रः**

विविधीकरण योजना के तहत कम्पनी द्वारा स्थापित 600 टन प्रति वर्ष क्षमता का इलेक्ट्रोलायटिक मैंगनीज डाय आक्साईड संयंत्र संतोषजनक ढंग से काम कर रहा है । उत्पाद की गुणवंता अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की है । घरेलू बाजार में उत्पाद की अच्छी मांग को देखते हुए संयंत्र की क्षमता दोबारा 200 टी.पी.ए. से बढाई गई थी । इसलिए संयंत्र की क्षमता 1000 टन हो गई है । ई.एम.डी. की बढती मांग को देखते हुए पुनः संयंत्र की खमता 1500 टी.पीए. करने का कार्य हाथ में लिया गया ।

वर्ष 2006-07 के दौरान संयंत्र से 1312 एम.टी. (पिछले वर्ष 1301 एम.टी. ) ई.एम.डी. का उत्पादन प्राप्त हुआ जो 1000 एम.टी. के लक्ष की तुलना में 131% की प्राप्ति है ।

2. **फैरो मैंगनीज संयंत्र बालाघाट खान :**

फैरो मैंगनीज का उत्पादन 10200 मैट्रीक टन था जबकि लक्ष 9000 मैट्रीक टन का था परिणाम स्वरूप 113% लक्ष्य प्राप्ति हुई है । देश में उपलब्ध फैरो मैंगनीज में इसकी गुणवत्ता उत्तम है एवं वह अन्तर्राष्ट्रीय मानको को पूर्ण करने के कारण बाजार में स्थापित हो गया है । संपूर्ण फैरो मैंगनीज एवं फैरो मैंगनीज स्लॅग की विक्री ई-सेल द्वारा की गई ।

3. **गुमगांव खान में वर्टिकल शाप्ट की खुदाई :**

गुमगांव खान के अयस्क तत्व में उच्च श्रेणी का अयस्क भारी मात्रा में है । इस अयस्क को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से निकालने के लिए वर्टिकल शाप्ट डाला जायेगा जिसकी अनुमानित लागत 12.47 करोड रूपये होगी जिसमें अयस्क हैंडलिंग प्रणाली शामिल है । इस परियोजना से उत्पादन क्षमता वर्तमान उत्पादन लक्ष्य से तीन गुना बढ जायेगी जिससे उत्पादकता और सुरक्षा में सुधार होगा । हेड गियर एवं अन्य ढांचों का फॅब्रीकेशन पूर्ण हो चुका है तथा शाप्ट के गहरीकरण का कार्य जारी है । इस परियोजना को पूर्णता का काल 48 माह है ।

4. **बालाघाट में बेनीफिसीएशन प्लांट :**

बालाघाट खान में 0.5 एम.टी.वाय. क्षमता का एकीकृत एवं बेनीफिसिएशन प्लांट लगाया जा रहा है । इस प्लांट में अयस्क को चूरा करना, छानना, जीगिंग वर्गीकरण तथा आर.ओ.ए. की व्यवस्था करना है । जीगिंग कार्य का संपादन इलेक्ट्रोनिक नियंत्रित वायु स्पंदित जिंग से किया जायेगा । जिसकी पूर्ती डेलकर /बेटमैन कंपनी दक्षिण अफ्रिका द्वारा की जा रही है । इस योजना की पूंजीगत लागत 18.00 करोड रूपये है । नागरी संरचना का कार्य पूर्ण हो चुका है । उपकरण लगाने एवं विद्युतीय कार्य चल रहा है यह संयंत्र जून 2007 में पूर्ण होना अपेक्षित है । इस बेनीफिशियशन संयंत्र के स्थापना के परिणाम स्वरूप मध्यम श्रेणी का अयस्क उच्च श्रेणी के अयस्क में परिवर्तित किया जायेगा तथा अयस्क की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा अयस्क की प्राप्ति मूल्यवर्धित रूप में प्राप्त होगी।

5. **बालाघाट खान में जल प्रदाय योजना :**

बालाघाट खान के कार्य गतिविधियों के आधुनीकीकरण यांत्रिकीकरण एवं बेनिफिशिएशन /जिगींग संयंत्र के कारण सभी



गतिविधियों के लिए पानी प्रदाय करना अनिवार्य हो गया है । खान में *4* एम.एल.डी.पानी औद्योगिक उपयोग हेतु तथा 1 एम.एल.डी.जल पीने एवं घरेलु उपयोग हेतु आवश्यक है । पी.एच.ई.,मध्यप्रदेश सरकार बालाघाट ने एक योजना रिपोर्ट प्रस्तुत की है । इस परियोजना के अंतर्गत औद्योगिक उपयोग हेतु वैनगंगा नदी से जल लाना तथा पीने /घरेलू उपयोग हेतु कुंए खोदना शामिल है । जिसकी लागत 11.93 करोड रूपये आंकी गई है । इस परियोजना का कार्य मेसर्स हिन्दुस्थान कंस्ट्रेक्शन लिटिड, कलकत्ता को दिया गया है ।

प्रत्येक 2 लाख लिटर क्षमता वाले उन्नत जलाशय भंडार एवं दो भूतल जलाशय भंडार का निर्माण हो चुका है । 10 कि.मी. लंबी आपूर्ती पाईप लाईन का कार्य पूर्ण हो चुका है ।

मई 1जून 2007 में जॅक वेल एवं इन टेक वेल का निर्माण कार्य हाथ में लिया जाएगा ।

**6. <u>5 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र :</u>**

मॉयल की खार्ने एवं संयंत्र म.प्र. एवं महाराष्ट्र राज्य में स्थित है । इन दोनों राज्यों में पवन र्जा निर्माण के लिए पहचाने गए अनुकूल क्षेत्र उपलब्ध है । आपकी कंपनी ने मध्यप्रदेश राज्य में *5* मेंगावाट क्षमता देवास के निकट नागदा पहाडियों पर संयंत्र स्थापित किया है । यह संयंत्र जून-जुलाई *2006* को चालू होकर ग्रीड से जोडा गया है । इस संयंत्र की पूंजीगत लागत लगभग *22.20* करोड रूपये होगी । इस संयंत्र की स्थापना से *31* मार्च *2007* तक *6.7* मिलीयन युनिट बिजली का निर्माण हुआ तथा इस संयंत्र से निर्मित बिजली के उपयोग से कंपनी के बालाघाट जिले में स्थित खानों / संयंत्रों को लगने वाली बिजली की लागत में बचत होगी । कंपनी ने मध्यप्रदेश में 15 मेंगावाट एवं महाराष्ट्र में *8* मेंगावाट क्ष मता के नए संयंत्र बनाने की योजना बनाई है ।



**<u>मूल्यवर्धित उत्पाद का विविधीकरण</u> :**

**1. <u>पोटॅशियम परमॅगेट (KMn04)</u>**

KMn04 का उपयोग आक्सीकारक के रूप में जैविक रसायन में (सेकेरीन के उत्पादनें) धातु शोधन एवं प्लेटींग के दौरान अप्रिय गंध को हवा एवं अन्य गैस से हटाना है । हायड्रोलॉजी एवं धातु रिफायनींग्र में विरंग (डीकलरींग) करना एवं टेक्सटाईलन एवं टॅनींग उद्योग में विरंजीत करने में औषधी निर्माण में असंक्रामकता के लिए कारक का काम करते है । आज इसका अधिकतर उपयोगी क्षेत्र प्रदूषण नियंत्रण में है । विशेष तौर पर नगर पालिका जल प्रक्रिया के दौरान आपत्तीजनक तत्व को हटाना एवं वायुजनीत प्रदूषक गंध पर नियंत्रण करना है ।

इसके व्यापक उपयोग के कारण इसकी काफी मांग है । कंपनी 5000 टीपीए पोटेशियम परमॅगनेट बनाने की योजना बना रही है तथा मैंगनीज अयस्क के निवेश मूल्य को ध्यान में रखते हुए मूल्यवर्धन के विविध रूप अपनाना है । कंपनी KMn04 के उत्पादन हेतु आधुनिक तकनीकी की खोज में है तथा संयुक्त उद्यम के तहत कुछ पार्टीयों ने कम्पनी द्वारा जारी किए गए अभिरूचि पत्र पर KMn04 के उत्पादन के लिए रूचि जाहीर की है । इस संबंध में कंपनी बाजार सर्वेक्षण का का म हाथ में लिया है । इस परियोजना के लिए लगभग *25* करोड रूपये की लागत अनुमानित है ।

**2. बालाघाट खान पर मैंगनीज अयस्क फाईन का सिन्टरींग / ब्रिकवेटीन प्रक्रिया द्वारा सपिंडन सुविधा स्थापित करना :**

कंपनी बालाघाट खान पर मैंगनीज अयस्क को संभाल एवं प्रक्रिया हेतु मैंगनीज अयस्क अपचयन संयंत्र स्थापित कर रही है । इस संयंत्र से लगभग 4500 मैट्रीक टन 49% मैंगनीज धारित उच्च मैंगनीज अयस्क फाईन का उत्पादन होगा । यह फाईन्स खनन एवं प्रक्रिया कार्यकलाप के दौरान मिलने वाला उप-उत्पाद है । इस फाईन्स का फैरो अलॉय के उत्पादन में उपयोग करने हेतु सपिंडन तकनीक को अपनाया जाना चाहिए । इस उच्च श्रेणी मैंगनीज अयस्क का फैरो अलॉय में सिन्टरींग करके उपयोग करने से न सिर्फ उच्च श्रेणी मैंगनीज लंपी के कमी की पूर्ति होती है बल्कि व्यापार में भी मूल्य वृद्वि होती है । कंपनी अपचयन संयंत्र के पश्चात इस फाईन्स के सपिंडन हेतु सिन्टरींग संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है ।

**3. <u>नया फेरो मैंगनीज एवं सिलीको मैंगनीज संयंत्र :</u>**

राष्ट्रीय इस्पात निती 2005 के अनुसार इस्पात उत्पादन की परियोजित वृद्वि के साथ फेरो अलॉय के मांग में वृद्वि को ध्यान में रखते



हुए कंपनी सेल/आर आय एन एल के साथ संयुक्त उद्य म के तहत फेरो अलॉय परियोजना स्थापित कर रही है । प्रस्तावित प्रकल्प में सिलीको मैंगनीज उत्पादन के लिए *27.0* एमवीए क्षमता वाली भट्टी तथा उच्च कार्बन फैरो मैंगनीज उत्पादन के लिए *16.5* एम वी ए क्षमता की भट्टी का समावेश है । इसकी अूमानित लागत लगभग 140.00 करोड है । इसके व्यवहारिकता की रिपोर्ट मेकॉन द्वारा तैयार की गई है । कंपनी विदेशों में भी संयुक्त उद्य म के तहत फेरो अलॉय संयंत्र स्थापित करने की संभावनाओं की तलाश कर रही है जहां बिजली के दर सस्ती है । कंपनी ने बी.एच.पी. बिलीटन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है जिसके तहत दक्षिण अफ्रीका में संयुक्त उद्य म के माध्यम से फेरो अलॉय संयंत्र स्थापित करने हेतु संयुक्त संकल्पना अभ्यास किया जाएगा । दक्षिण अफ्रीका में उच्च श्रेणी मैंगनीज अयस्क तथा कोयला उपलब्ध है तथा बिजली की दर सस्ती है ।

**संशोधन एवं विकास :**

आपकी कम्पनी ने हमेशा से शोध एवं विकास संबंधी अध्ययन को विशेष महत्व दिया है । कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जहां कंपनी द्वारा अध्ययन कार्य किया गया वे इस प्रकार है :-

- बेहतर एवं उन्नत खनन प्रक्रिया का विकास ।
- भूमिगत कार्योके लिए नई संरक्षा प्रणाली का विकास एवं विद्यमान संरक्षा प्रणाली एवं प्रक्रिया में सुधार
- अयस्कों के उन्नयन के लिए लाभकारी प्रक्रिया एवं उचित लागत वाली प्रभावी तकनीकी का विकास।
- मैंगनीज आधारित रसायनों का विकास ।
- नये संग्रहों की खोज एवं अयस्क भंडारों के उन्नयन विकास के लिए आवश्यक अध्ययन ।
- विशेष परिचालन के लिए उन्नत तकनीकी, ताकि उत्पादकता में वृद्वि, सुरक्षा में सुधार ,लागत में कटौती एवं मानव शक्ति का सही उपयोग किया जा सके ।
- अयस्क के विश्लेषण हेतु XRF विश्लेषक की नवविद्या लाकर विश्लेषण कार्य को स्वचलित करना ।
- ई.एम.डी. संयंत्र, फेरोँगनीज संयंत्र तथा खुदानों में र्जा का इटतम उपयोग एवं ऊर्जा बचत
- भूमिगत खानों में यंत्रीकृत हॅडलिंग प्रणाली लागू करना जिसमें साईड डिस्चार्ज लोडर (एसडीएल) का समावेश है ।



कंपनी (संशोधन ) विधि 1988 के तहत तकनीकी अवशोषण संबंधी मांगी गई जानकारी फार्म ""बी"" के रूप में रिपोर्ट के साथ संलग्न है ।

**खनन पट्टा /पुर्वेक्षण अनुज्ञप्ति :**

वर्ष 2006-07 के दौरान आपकी कंपनी को कोई नई खनन लीज अुमोदित नहीं की गई । किन्तु महाराष्ट्र सरकार ने केन्द्र सरकार को निम्नलिखित क्षेत्र के पट्टे/पुर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के लिए सिफारिश की है :-

1. परसोडा क्षेत्र 53.75 हेक्टर खनन पट्टा
2. नंदापूरी क्षेत्र 5.65 --"" पुर्वेक्षण अनुज्ञप्ति
3. बालापुर हमेशा क्षेत्र में 4.13 हेक्टर खनन पट्टा

**प्रशिक्षण कार्यक्रम :**

वर्ष के दौरान कंपनी ने 249 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें 663 अधिकारी एवं 1014 कर्मचारियों ने भाग लिया । इसके अतिरिक्त खान द्वारा आयोजित व्यावसायिक प्रशिक्षण / आंतर गृह प्रशिक्षण कार्यक्रमों में *4292* श्रमि कों ने भाग लिया अर्थात वर्ष 2006-07 के दौरान सभी कर्मचारियों के लिए कुल 50170 मानवपाली प्रशिक्षण पूर्ण किया गया ।

इसके अलावा मुख्यालय एवं खानों के विभिन्न शाखाओं के 140 ट्रेड अप्रेंटीस के 34786 मानव पाली प्रशिक्षण कार्यक्र म पूर्ण किए गए। देश की विभिन्न अभितांत्रिक संस्थाओं के 250 विद्यार्थियों को कंपनी के खानों पर प्रशिक्षण सुविधा प्रदान की गई।

**श्रमिक कल्याण योजनाएं, मनोरंजन एवं चिकित्सा सुविधाएं :**

आपकी कंपनी ने कई कल्याण योजनाएं शुरू किया है जिसकी प्रमुख बाते इस प्रकार है :-

अधिकांश कर्मचारियों को खान पर आवासीय सुविधा प्रदान की गई है। कर्मचारियों की सुधरती जीवन पद्वति एवं उनकी आकांक्षाओं को मद्देनजर रखते हुए कंपनी ने विभिन्न खानों पर अपने विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 411 क्वार्टर बनाने का काम हाथ में लिया है, जिनमें से 56 नवनिर्मित क्वार्टर कर्मचारियों को आवास हेतु आबंटित कर दिए गए है। खुद के मकान में रहने वाले कर्मचारियों को घरभाडा भत्ता दिया जा रहा है।

कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों को कंपनी परंपरागत कुंए, बोरवेल, पाईप लाईन द्वारा पेयजल की सुविधा भी प्रदान करती है। निश्चित समयावधि में कुएं तथा जलकुंभों में जलशुद्वीकरण की दवाईयाँ डाली जाती है।

आवासीय कैंप की कॉलोनी तथा मार्गोमें अच्छी प्रकाश व्यवस्था की गई है। कर्चारियों को रियायती दरों पर विद्युत पूर्ति की जाती है। कंपनी ने अपनी खानों पर चिकित्सालय बनाएं हैं जहां योग्यता प्राप्त चिकित्सक है तथा उनके मदत के लिए पॅरा-मेडीकल कर्मचारी है। पुरूष तथा महिलाओं के लिए अलग अलग बाहयरोगी विभाग एवं आंतर रोगी वार्ड है। आपात स्थिति के लिए प्रत्येक चिकित्सालय में एम्बुलेंस वॅन प्रदान की गई है। रोगियों को आवश्यकतानुसार चिकित्सा हेतु विशेषज्ञता प्राप्त चिकित्सालयों में भी भेजा जाता है। आपकी कंपनी अपनी कुछ खानों में प्राथमिक पाठशाला चलाने हेतु सहायता प्रदान करती है। जहां कर्मचारियों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा




प्रदान की जाती है। खानों पर स्कुल बस की सुविधा दी गई है ताकि कर्मचारियों के बच्चे निकटवर्ती हायस्कुल एवं कॉलेज में शिक्षा हेतु जा सके। कंपनी की ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति की योजना है। कंपनी ने कर्मचारियों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए स्कॉलरशिप स्कीम भी लागू कर रखी है। श्रमिकों के बच्चों को अभियांत्रिकी शिक्षा ग्रहण करने के लिए ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति योजना भी लागू कर रखी है। आपकी कंपनी ने सभी खानों पर मनोरंजन क्रियाकल्पा जैसे खेलकूद एवं मंनोरंजन, वाद्ययंत्र, दूरदर्शन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ,खेलकूद प्रतियोगिता इ. की संरचना बना रखी है।

**अनुसूचित जाती/जनजाती के लिए कल्याणकारी कदम :**

आपकी कंपनी एक श्रमिक बहुल संस्थान है जिसमें 6996 कर्मचारी कार्यरत है। जिसमें से 78% अ़ु.जाती/जनजाती/अन्य पिछडी जाती से है उसमें से अनु.जा./ज.जा. का प्रतिशत 43% है। अनु.जा./ज.जा. के कल्याण के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का ब्यौरा नीचे दर्शाए अनुसार है :-

- खानों के करीबी गांव को गोद लेकर पेय जल की सुविधा मार्गो का रखरखाव, आसपास के रहवासियों की निश्चित समयावधि में चिकित्सा जॉच एवं चिकित्सा की सुविधा



  प्रदान की गई है।
- खदानों से लगे गावों के स्कुलों को आर्थिक मदत, कॉपी-किताब इ. प्रदान की जाती है।
- महिलाओं के विकास एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन प्रदान की गई है।
- अपंग व्यक्तियों को ट्राय-सायकल प्रदान की गई है।
- क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं के विकास एवं जीवनमान उंचा उठाने हेतु अन्य कल्याणकारी कदम जैसे सिलाई क्लास, प्रौढ शिक्षा तथा पोस्टर, सूचना, बॅनर लगाकर प्रोत्साहनात्मक

प्रचार करने जैसे अन्य कल्याणकारी कार्य किए जा रहे है ।

- अंप्रेंटीस अधिनियम के तहत अपंगो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

## कार्मिक

**1-3-2007 को आपकी कंपनी के पास मानव श्रम की स्थिती नीचे दिये अनुसार है ।**

| | कार्यपालक | गैरकार्यपालक | रोजंदारी | श्रमिककुल |
|---|---|---|---|---|
| पुरूष | 265 | 2301 | 3458 | 6024 |
| स्त्री | 11 | 145 | 724 | 880 |
| कुल | 276 | 2446 | 4182 | 6904 |

1.3.2007 को वर्गानुसार शक्ति इस प्रकार थी :-

| समूह | अनु.जाति | अनु. जनजाति | ओ.बी.सी. | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | 22 | 7 | 39 | 147 | 215 |
| ब | 25 | 7 | 32 | 108 | 172 |
| क | 289 | 260 | 321 | 618 | 1488 |
| ड | 938 | 1409 | 2010 | 672 | 5029 |
| कुल | 1274 | 1683 | 2402 | 1545 | 6904 |
| कुल कर्मचारियों का प्रतिशत | 18.45 | 24.38 | 34.79 | 22.38 | 100% |

**<u>निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर. )</u> :**

मॉयल इस बात में विश्वास करता है कि वह एक ऐसा व्यापारिक संस्थान है जो जिस साज एवं वातावरण में व्यापार करता है उसके प्रति उसकी स्वयं गृहीत जिम्मेदारी :-

इस दिशा में उठाए गए कुछ कदम :-

- महाराष्ट्र राज्य के भंडारा जिले में स्थित चिखला खान में प्राथमिक पाठशाला का निर्माण । इस पाठशाला में हिन्दी एवं अंग्रेजी में शिक्षा का माध्यम है तथा इस पाठशाला में चिखला खान के करीब सुदूर गांवों के ग रीब 400 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है ।
- इस पाठशाला में शिक्षा ग्रहण करने वाले नजदीकी गावों के करीब *310* बच्चे की वार्षिक शिक्षा शुल्क प्रति भुगतान किया जाता है । यह सुविधा नियमित एवं लगातार प्रदान की जा रही है ।
- सी.एम.एस.कंपाउंड,नागपुर में बालोद्यान का निर्माण ।
- डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की म ूर्ती की स्थापना तथा मूर्ती के आसपास के क्षेत्र में सुंदर बाग का निर्माण
- मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के आसपास के बाढ पिडीत गांवों में आर्थिक मदत करना । इस जिले में मॉयल की सबसे बडी खान स्थित है ।
- भारतीय संस्कृति एवं ललीत कला को प्रोत्साहित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम उदा. महाराष्ट्र सरकार के कालीदास महोत्सव को प्रायोजित करना । पिछले कई वर्षो से कंपनी लगातार प्रतिवर्ष इस महोत्सव को प्रायोजित करती आ रही है ।
- मदर टरेसा सिस्टर्स ऑफ चॅरीटी, नागपुर के वृद्धाश्रम में निवासियों को कपडे इ. दान करना ।
- डोंगरी बुजुर्ग/चिखला खानों के आसपास रहने वालों के लिए कलेक्टर, भंडारा जिला की उपस्थिति में “”चिकन गुनिया”” रोग का चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया तथा दवाईयां वितरीत की गई । इस शिविर में डोंगरी , बालापुर हमेशा, गोबरवाही, सितासांवगी इ. गावों के करीब *3500* ग्रामीण उपस्थित थे । प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं भंडारा के सिविल सर्जन ने इस शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया ।
- मानसिक तौर पर रूग्ण बच्चों की पाठशाला जिवोदय, नागपुर के निवासियों को वस्त्र इ. बांटना ।
- चिखला खान के निकट स्थित सितासांवगी, गोबरवाही गांवों के निवासियों को चिकित्सा सुविधा/दवाई दी जा रही है । यह सुविधाएं नियमित रूप से दी जा रही है ।
- खदानों के आसपास के गावों में शौचालय/नालियों का निर्माण ।
- खदानों के आसपास के गावों में पेयजल सुविधा प्रदान करना।
- गव्हर्मेंट हायस्कूल, भरवेली, बालाघाट की इमारत को फेंसिंग लगाना तथा वृक्षारोपण करना ।

Providing clothing to inmates of Mother Teresa's old age home



Providing clothing to inmates of Jeevoday School for Mentally Challenged children






Development of Bus Stops for villagers near our Mines

- भोगाली गांव के मोक्षधाम में शेड का निर्माण
- काटोल रोड नागपुर के 1.50 कि.मी. मार्ग का सौंदर्यीकरण
- नागपुर के ऐतिहासिक महत्व के परंपरागत स्थान "जिरो माईल स्टोन" का सौंदर्यीकरण एवं विकास ।
- मूक एवं बधीर, रहवासी पाठशाला , सावनेर (गुमगांव खान के निकट) के लिए एक कमरे का निर्माण



- खदानों के आसपास के गावों में जहां बिजली नहीं पहुंची है वहां सौर उर्जा से चलीत लँप प्रदान किया गया
- स्वयंम रोजगार निर्माण हेतु खदानों के आसपास सुदूर गांवों की महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना ।
- बालाघाट शहर, गुदमा (उकवा के निकट) तथा उकवा खान के प्रमुख मार्ग पर बस स्टॉप (शेड सहित) का निर्माण ।

**औद्योगिक संबंध :**

समिक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी में औद्योगिक संबंध मैत्रीपूर्ण एवं शांतिप्रिय रहे ।

**हिन्दी का प्रगतिशील प्रयोग :**

वर्ष के दौरान कंपनी, कार्यालयीन भाषा अधिनियम 1963 के प्रावधानों को प्रचारित करने एवं लागू करने का लगातार प्रयास करती रही । कंपनी अपनी गृह पत्रिका "संकल्प " हिंदीं प्रकाशित कर रही है ताकि कर्मचारी हिंदी के प्रचार हेतु विविध प्रतियोगिताए जैसे निबंध, टिप्पणी, आलेखन, कविता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित हो । खानों में करीब 92% कार्य हिंदी में किया जा रहा है जिसकी सराहना की गई है । हिंदी शाप्ट वेअर का संगणक में प्रावधान किया गया है तथा कर्मचारियों को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे इसका अपने कार्य में उपयोग कर सके ।

**सुरक्षा :**

आपकी कंपनी खान की तथा वहां कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखती है । दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कंपनी निरंतर प्रयास के तौर पर अत्याधुनिक खनन तकनीक लागू करके तथा खनन प्रचालन का लगातार यांत्रिकीकरण करके सुरक्षा मानकों में सुधार लाती रहती है । मजदूरों को प्रशिक्षण एवं पुर्नप्रशिक्षण देकर उच्च सुरक्षा मानक की प्राप्ति की गई है । सुरक्षा समिति की सभा खदानों पर नियमित तौर पर की जाती है जहां दुर्घटना का विश्लेषण बारीकी से किया जाता है । समीक्षाधिन वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 20 दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किए गए ।

आपकी कंपनी ने क्षेत्रिय सुरक्षा सप्ताह प्रति स्पर्धा में भी भाग लिया तथा 66 से भी अधिक पुरस्कार बटोरे है । कंपनी की तीन खदानों को " न्यूनतम चोट आवृत्ति दर" तथा "दीर्घ दुर्घटना मुक्त कालावधि " के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार सम्मान के लिए चुना गया है ।

जोखिम मुल्यांकन के अधीन जो स्वास्थ एवं सुरक्षा प्रबंधन का समावेश किया गया उससे कंपनी की सुरक्षा नीति को और अधिक बल प्राप्त होकर खदानों के सुरक्षा मानकों में सुधार होगा । समीक्षा वर्ष के दौरान कंपनी की रेस्कू टीम ने रामगढ, झारखंड में आयोजित रेस्कू प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर धात्विक खनन वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया ।

**सतर्कता:**

सतर्कता विभाग का प्रमुख सतर्कता अधिकारी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से एक है जिसकी नियुक्ति प्रमुख सतर्कता आयुक्त द्वारा की गई है । वर्ष 2006-07 के दौरान सतर्कता विभाग ने आय.एस.ओ. 9001-2000 प्रमाणिकरण अर्जित किया है । विभाग ने 15 करोड रूपये से अधिक मुल्य के संविदा/क्रय की "सत्यनिष्ठा अनुबंध" भी पूर्ण किया है । मुख्य सतर्कता आयुक्त एवं इस्पात मंत्रालय द्वारा जारी किए निदेश/मार्गदर्शी सिद्वांत के अनुरूप सभी संविदाएं/बिक्री/क्रय की प्रक्रिया में अधिकतम पारदर्शिता



लाने हेतु उत्तोलकन लाभ तकनीकी (Leveraging Technic) का उपयोग किया गया है ।

**निगमित प्रशासन :**

कंपनी ने निगमित प्रशासन की विभिन्न शर्तोका पालन किया है । इस संबंध में विस्तृत विवेचन इस रिपोर्ट का एक भाग है ।

**वैधानिक मामले :**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा भू-राजस्व वृद्धि का मामला मुंबई उच्च न्यायालय (नागपुर खण्ड पीठ) के समक्ष लंबित है । मध्यप्रदेश सरकार ने म.प्र. ग्रामीण अवसंरचना तथा सडक विकास अधिनियम 2005 के अंतर्गत दिनांक 30.9.2005 से खनिज धारित भूमि पर कर लागू किया हे जो खनिज धारित भूमि के मूल्य के 5 % दर से होगा । कंपनी ने माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के समक्ष याचिका दायर करके स्थगन आदेश प्राप्त किया है ।

आपकी कंपनी ने बकाया राशि के वसूली के लिए कुछ बकायादार ग्राहकों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किया है । वर्ष 1988-89 के बिक्री अनुबंध से संबंधित मामले पर एकल मध्यस्थ (Sole Arbitrator) के अंतरिम पंचाट को चुनौती दिया है तथा मुंबई उच्च न्यायालय के खण्ड पीठ ने कंपनी की अपील को निरस्त कर दिया । कंपनी ने, माननीय मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए अंतिम आदेश के विरूद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष स्पेशल लीव पेटीशन (SLP) दायर किया है । किंतु उक्त याचिका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई ।

सी.डी.ए.पैटर्न के आधार पर 1.1.89 के बाद कार्यपालकों के पदोन्नति संबंधी कंपनी के खिलाफ याचिका मुबंई उच्च न्यायालय (नागपुर खण्डपीठ) के समक्ष अभी तक लंबित है जबकि इसी आशय की दायर एक याचिका में जबलपुर उच्च न्यायालय ने कंपनी के पक्ष में फैसला दिया ।

आपकी कंपनी ने कर्नाटक राज्य के बंगलोर उच्च न्यायालय के समक्ष संदूर मैंगनीज तथा आयरन ओर कं. लि. के विरूद्ध बकाया देय राशि के वसूली हेतु एक परिसमापन याचिका दायर किया है । उक्त कंपनी को बी.आय.एफ.आर. के हवाले कर दिए जाने से उच्च न्यायालय ने लेखी याचिका खारिज कर दिया । वर्ष 2006-07 के दौरान कंपनी ने कुल बकाया राशि 34.45 लाख रूपये के विरूद्व वर्ष 2006-07 के दौरान ई.एम.डी. की राशि रूपये 7.30 लाख रूपये समायोजित किए तथा बाद में पार्टी ने 6.00 लाख रूपये का भुगतान किया । अतः आज तारीख तक पार्टी से 21.15 लाख रूपये वसूल करना बाकी है । अपितु पार्टी ने जैसे भी हो उनका प्रचालन कार्य प्रारंभ होता है ने उन्होंने बकाया राशि भुगतान अदा करने की इच्छा जाहिर किया है ।

आपकी कंपनी मुबंई उच्च न्यायालय की नागपुर बैंच के समक्ष नागपुर सुधार प्रन्यास के विरूद्ध रूपये 83.77 लाख रूपये क्षतिपूर्ति के लिए वैधानिक याचिका दायर की है जो मॉयल के मालकीयत की 761.60 वर्ग फुट जमीन उनके द्वारा अधिग्रहित करने के कारण है । मामला अभी लंबित है ।

**पर्यावरण संरक्षणः**

कंपनी अपने लीज की भूमि पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी अपनी जिम्मेदारी के प्रति पूरी तरह सजग है वर्ष 2006-07 के दौरान कंपनी की विभिन्न खानों में करीब 50000 पौधों का रोपण किया गया । अब तक कंपनी द्वारा करीब 15 लाख पौधों का रोपण किया । कंपनी ने जेटरोपा के पौधे सुखा/बंजर जमीन पर रोपण करने का काम हाथ में लिए है । बडे होने पर बायो डिझल के लिए बीज उपलब्ध होंगे ।

**निदेशक :**

श्री एम.के.मोईत्रा, श्री एस.एन.पाधी तथा श्री ए.एन.पालवनकर दिनांक 30 मई 2006 को निदेशक नहीं रहे तथा दिनांक 28 जून 2006 को श्री एस.के.बैनर्जी को मॉयल का निदेशक नियुक्त किया गया ।

मध्यप्रदेश सरकार के नामित निदेशक डॉ. देवराज बिरदी का अन्य विभाग में स्थानांतर होने के कारणवश वे दिनांक 27 नवंबर 2006 से कंपनी के निदेशक नहीं रहे तथा खनिज संसाधन विभाग के सचिव श्री राकेश अग्रवाल को दिनांक 31 जनवरी 2007 को निदेशक नियुक्त किया गया ।

श्री बी.बी.चौधरी का 30 अप्रेल 2007 के सेवा निवृत्त होने के कारण श्री ए.के.मेहरा को 1 मई 2007 से निदेशक (वाणिज्य) के पद पर नियुक्त किया गया ।

**निदेशकों का उत्तरदायित्व संबंधी कथनः**

कंपनी (संशोधित) विधि 2000 की धारा 217 (2 ए ए ) के प्रावधानों का पालन करते हुए यहां पर यह व्यक्त किया जाता है कि :-

* वार्षिक खातों को तैयार करते समय, सामग्री विकास संबंधी उचित ब्यौरा के साथ लेखांकन के निर्धारित मानको को अपनाया गया ।

* निदेशकों ने उन लेखांकन नीतियों को चुना एवं उन्हें दृढतापूर्वक अपनाया तथा उसके आधार पर निर्णय लिये एवं अनुमान लगाया जो कि वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी की स्थिति और उस अवधि के दौरान लाभ हानि की स्पष्ट एवं सही तस्वीर पेश करने में सक्षम थी ।

* निदेशकों ने इस विधि के प्रावधानों के अनुसार लेखाकंन संबंधी पर्याप्त अभिलेखों को जुटाने एवं उन्हें व्यवस्थित करने में सम्पत्ति सुरक्षित रहे एवं धोकाधडी या अन्य अनियमितताओं को रोका जा सके ।

* निदेशकों ने वार्षिक खाते चालू संबंधों के आधार पर तैयार किए ।

**अंकेक्षकः**

मे. रोडी डबीर एण्ड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट नागपुर को भारतीय महा लेखा निरीक्षक एवं परीक्षक द्वारा समीक्षा वर्ष अवधि की रिपोर्ट के लिए कंपनी का अंकेक्षक नियुक्त किया गया ।

**सामान्यः**

समय समय पर संशोधित कम्पनी (कर्मचारी ब्यौरा) नियम 1975 से संबंध कंपनी विधि 1956 की धारा 217 (2 ए) के दायरे कोई भी कर्मचारी नहीं आता है ।

**स्वीकृतिः**

आपके निदेशक स्वीकार करते है कि उन्हें भारत सरकार ,महाराष्ट्र सरकार, मध्यप्रदेश सरकार तथा अन्य सरकारों, कम्पनी के बैंकर्स तथा ग्राहकों से भरपुर सहयोग एवं मदद प्राप्त हुई ।

आपके निदेशकों को यह दर्ज कराने में हर्ष हो रहा है कि कर्मचारियों की ओर से हर स्तर पर समर्पण भाव से प्रशंसनीय कार्य किया गया । आपके निदेशक इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा बहुमूल्य योगदान के लिए उनकी सराहना करते है एवं आशा करते है कि आने वाले वर्षोमें भी वे इसी उत्साह एवं समर्पण की भावना से काम करेंगे ताकि कंपनी को और अधिक उंचाई पर ले जा सके ।

आपके निदेशक अंशधारकों के विश्वास एवं कंपनी के उद्यम में सहयोग के लिए आभारी है ।

निदेशक मंडल की ओर से

सही/-
(के.एल.मेहरोत्रा)
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

स्थान : मुंबई
दिनांक 29.5.2007



Inauguration of MOIL Bhavan by Shri Ram Vilas Paswan, Hon'ble Minister for Chemicals, Fertilizer& Steel, Govt. of India



Shri Jairam Ramesh, Hon'ble Minister of State for Commerce & Industry, Govt. of India presenting Prime Minister's Merit Certificate for Excellent MoU Performance to the CMD

# अंशधारको के लिए निदेशकों की रिपोर्ट – अनुलग्नक I

**प्रारूप -बी**

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (I) (ई) के अंतर्गत एवं 1988 में किए गए संशोधनों के अंतर्गत अपेक्षित आत्मसात की गई प्रौद्योगिकी ब्यौरा प्रकट करने से संबंधित विवरणी :-

अनुसंधान एवं विकास (आर एण्ड डी):

| क्र. | विनिर्दिष्ट क्षेत्र जहां कम्पनी ने आर.एण्ड डी का कार्य हाथ में लिया है | आर.एण्ड डी के फलस्वरूप प्राप्त लाभ |
|---|---|---|
| 1. | नरम पत्थर एवं कमजोर जमीन परिस्थिति में लेवल स्टोपिंग पद्वति का प्रारंभ | वर्ष के दौरान चिखला में प्रयोग किया गया,जिसके स ब परिणाम उच्च उत्पादन के साथ काफी उत्साह जनक रहे तथा तेज खनन तक नीकी से उत्पादन लागत में कमी आई । उत्पादन लागत में 50% तक कमी आई । अन्य खदानों में इसे लागू करने के पूर्व इस प्रयोग को 170 ' - 70' लेवल एवं सीएच 2277- सीएच 2307 स्टोंपींग पर यह प्रयोग जारी रखने हेतु नए क्षेत्र को चुना गया है । |
| 2. | स्टोप में यांत्रिक हैण्डलिंग हेतु एस.डी.एल. (साइड डिसचार्ज लोडर ) का प्रारंभ | बालाघाट खान पर 3 SDL कार्यरत है । उत्पादन वृद्वि के साथ यंत्रीकृत लोडींग पद्वति अच्छी तरह स्थापित हो चुकी है । आगे, चिखला खान में -270 ' लेवल पर सीएच 1650 से सीएच 1800 के मध्य एक SDL कार्यरत है । इससे, भविष्य में मानवीय से यंत्रीकृत कार्य पद्वति की ओर क्रमशः बढने में हम समर्थ होंगे । |
| 3. | वेन्टीलेटर का स्वचंलन | इससे 6 से 8 वेंटीलेशन फॅन ऑपरेटर के नियुक्ति में बचत हुई है तथा यह पद्वति संतोष जनक रूप से काम कर रही है । |
| 4. | उकवा खान की भू-तांत्रिक लक्षणों का अध्ययन | सी.एम.आर.आई.द्वारा उकवा खान भूगर्भ खान के आधार प्रणाली के डिझाईन एवं विकास का वैज्ञानिक अध्ययन किया गया । इस अध्ययन में स्टोपींग प्रक्रिया का तनाव विश्लेषण शामिल है तथा पुराने पिल्लर तथा उकवा खान के लिए उपयुक्त सपोर्ट पद्वति का विकास शामिल है । इससे खान की उत्पादन क्षमता, सुरक्षा तथा उत्पादकता में भारी वृद्वि होगी । |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | निम्न ग्रेड अयस्क का उन्नयन | बालाघाट खान में बनिफिशिएशन संयंत्र की स्थापना की जा रही है जिसमें पहली बार वायु कंपन जिग का उपयोग रिकवरी के उन्नयन एवं सुधार के लिए किया जा रहा है। |
| 6. | रॉक मैकेनिक उपकरण योजना | भूमिगत खानों में एक मैकेनिक उपकरण योजना तथा भूमि कंपन, नियंत्रण करना जारी है। |
| 7. | विस्फोट (ब्लास्टिंग) अध्ययन खपत में कमी की गई। | सी.एम.आर.आई.द्वारा सुधारित सुरक्षा के साथ उच्च के उत्पादकता पाने हेतु कम खर्चीली एवं पर्यावरण के अनुकूल ANFO विस्फोट को विकसित करने संबंधी वैज्ञानिक अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन की प्रमुख बातों में एच.एस.डी. के बदले पर्यावरणानुकूल जैव इंधन/एल.डी.ओ. का ANFO विस्फोटक का प्रयोग तथा बेहतर शिला विस्फोट उर्जा का अंतर कार्य। |
| 8. | पिट के उतार का स्थिरता का अध्ययन | यह अध्ययन अभी भी जारी है विशेषतः डोंगरी बुजुर्ग खान के फुटवाल रॉक में जहां बेंचेस की स्थिरता के लिए फिलाईट एक खतरा बनी हुई है। |

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (I) (ई) के अंतर्गत एवं 1988 में किए गए संशोधनों के अंतर्गत अपेक्षित आत्मसात की गई प्रौद्योगिकी ब्यौरा प्रकट करने से संबंधित विवरणी :-

**II प्रौद्योगिकी समावेशन, स्वीकार एवं नव परिवर्तन (इनोवेशन ) :**

| प्रौद्योगिकी समावेशन, स्वीकार एवं नई रितियों के लिए किये प्रयास संक्षिप्त में। | उपरोक्त प्रयासों के फलस्वरूप प्राप्त लाभ, अतः उत्पादन सुधार, खर्च में कमी, उत्पादन विकास,आयात विकल्प आदि। |
|---|---|
| 1. खनिकर्म एवं संबंधी कार्यकलापों में आर.एण्ड डी. प्रयासों के द्वारा संशोधित एवं सुधारित रीतियों का मानकों में सुधार | भूमिगत कार्योमें उत्पादन सुधारित स्तर नियंत्रण के प्रत्येक यूनिट में टिम्बर एवं बिजली खपत में प्रति यूनिट कमी और इसके फलस्वरूप खनी कर्मी की सुरक्षा मानकों में सुधार |

**प्रारूप -बी**

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (I) (ई) के अंतर्गत एवं 1988 में किए गए संशोधनों के अंतर्गत अपेक्षित आत्मसात की गई प्रौद्योगिकी ब्यौरा प्रकट करने से संबंधित विवरणी :-

**I. अनुसंधान एवं विकास (आर एण्ड डी):**

| भावी कार्य योजना | आर एण्ड डी पर व्यय (रूपये लाख ) | | | कुल आर एण्ड डी व्यय कुल टर्न ओवर के प्रतिशतनुसार |
|---|---|---|---|---|
| | पूंजीगत (अ ) | आवर्ती (ब) | कुल (क ) | |
| | -- | 207.98 | 207.98 | 0.50 |

| आयातित प्रौद्योगिक के बारे में (वित्तीय वर्ष के आरंभ से गिनती किये पिछले 5 वर्षोके दौरान आयात किये गये<br>अ | आयात का वर्ष स्वीकारी गई<br>ब | प्रौद्योगिकी पूर्ण रूप से उसका कारण एवं भावी कार्य योजना<br>क | पूर्ण रूप से स्वीकारी नहीं गई तो वह किस क्षेत्र में घटित हुआ<br>ड |
|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

# अनुलग्नक–II अंशधारको के लिए निदेशकों की रिपोर्ट

## मॉयल में निगमित शासन

सभी अंशधारको के हितों की रक्षा, प्रोन्नति तथा बचाव करते रहने के लिए उचित पारदर्शी प्रणाली पर आधारित उत्तम शासन के लिए उत्तरदायी है । उसके कार्योका अनेक बाहरी एजेंसी जैसे, सांविधिक लेखा परीक्षक, भारतीय महा लेखा नियंत्रक, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त एवं इस्पात मंत्रालय द्वारा मानीटर किए जाते है । कंपनी का यह सतत प्रयास है कि निगमित शासन के तत्व जैसे पारदर्शिता, विश्वसनियता खुलापन एवं उत्तरदायित्वता के आधार पर अंशधारक, कर्मचारी एवं ग्राहकों का विश्वास बनाएं रखे।

1. **निदेशक मंडलः**

1.1. 31 **मार्च** 2007 **को निदेशक मंडल की संरचना :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अ.स.प्र.नि. सहित कार्यकारी निदेशक (पूर्णकालिक) | 4 |
| 2. | सरकारी निदेशक अ-कार्यपालक (पदेन) | 3 |
| 3. | स्वतंत्र निदेशक अ- कार्यपालक (अ- कार्यालयीन) | 1 |
| | **कुलः** | **8** |

1.2 **मंडल सभा :**

वित्तीय वर्ष के दौरान नीचे दर्शाई तिथियों पर मंडल की 4 सभाएं हुई ।

24 मई 2006, 8 अगस्त 2006, 17 अक्टूबर 2006 तथा 23 फरवरी 2007

1.3 **मंडल की कार्यसूची एवं सामग्रीः**

मंडल का यह विश्वास है कि सावधानी पूर्वक आयोजित कार्यसूची प्रभावी मंडल सभा का केंद्र है । मंडल को निर्णय लेने के लिए कार्य सूची को विस्तृत पार्श्व जानकारियों से युक्त बनाया जाता है । कार्य सूची नोट सामान्यतः समय पूर्व मंडल के सदस्यों को परिचालित कर दिया जाता है । मंडल सदस्य अध्यक्ष से विचार विमर्श कर कोई भी महत्वपूर्ण मुद्दा, मंडल के विचार हेतु प्रस्तुत कर सकते है ।

1.3 **1अप्रेल 2006 से 31 मार्च 2007 के अवधि में निदेशकों का मंडल सभा में उपस्थिति का विवरणः-**

| निदेशकों का नाम | अवधि | बोर्ड मीटिंग की संख्या | बोर्ड मीटिंग में उपस्थिति की संख्या |
|---|---|---|---|
| **I कार्यकारी निदेशक :** | | | |
| 1. श्री के.एल.मेहरोत्रा,अ.स.प्र.नि. | 1.4.2006 से 31.3.2007 | 04 | 04 |
| 2. श्री बी.बी.चौधरी,निदेशक(वाणि.) | 1.4.2006 से 31.3.2007 | 04 | 04 |
| 3.श्री एम.ए.वी.गौतम,निदेशक(वित्त) | 1.4.2006 से 31.3.2007 | 04 | 04 |
| 4. श्री सी.पी.एन.पाठक, निदेशक (उत्पादन एवं योजना) | 1.4.2006 से 31.3.2007 | 04 | 04 |
| **II सरकारी निदेशक :** | | | |
| 1. श्री अजय कुमार | 20.4.2006 से 31.3.2007 | 04 | 03 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. डॉ. देवराज बिरदी | 1.4.2006 से 27.11.2006 | 03 | -- |
| 3. श्री व्ही.के.जयरथ | 1.4.2006 से 31.3.2007 | 04 | 01 |
| 4. श्री राकेश अग्रवाल | 31.1.2007 से 31.3.2007 | 01 | 01 |
| **III स्वतंत्र निदेशक :** | | | |
| 1. श्री एम.के.मोईत्रा | 1.4.2006 से 30.5.2006 | 01 | 01 |
| 2. श्री एस.एन.पाधी | 1.4.2006 से 30.5.2006 | 01 | 01 |
| 3. श्री ए.एन.पालवनकर | 1.4.2006 से 30.5.2006 | 01 | 01 |
| 4. श्री एस.के.बैनर्जी | 28.6.2006 से 31.3.2007 | 03 | 03 |

1.4 चूंकि मॉयल, कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 617 के अंतर्गत एक सरकारी कंपनी है अतः कार्यकारी निदेशकों का पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा तय किया जाता है । सरकार द्वारा नामित निदेशकों को मंडल की बैठक में भाग लेने के लिए बैठक शुल्क नहीं दिया जाता है । अ-कार्यालयीन स्वतंत्र निदेशकों को, कंपनी अधिनियम , 1956 के प्रावधानानुसार मंडल समिति की प्रत्येक बैठक में भाग लेने पर पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है तथा मंडल /मंडल समिति में भाग लेने का वास्तविक खर्चेकी प्रतिपूर्ति की जाती है ।

**निदेशक मंडल की समितियों का गठनः**

भारत सरकार द्वारा कंपनी को "मिनी रत्न" का दर्जा प्रदान किया गया । बडी हुई वित्तीय एवं प्रचालन स्वायत्ता का प्रयोग संबंधी जिम्मेदारी के लिए निदेशक मंडल का पुनर्गठन एक पूर्व निर्धारित प्रक्रिया है जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा चार अंश कालीन गैर सरकारी निदेशकों को नियुक्त किया गया था ।

सार्वजनिक उपक्रम विभाग के निदेशों के अनुकूल कंपनी का अंकेक्षण तथा कार्य निष्पादन का मॉनीटरींग करने के लिए मंडल ने समिति का गठन किया है ।

**1. मंडल को अंकेक्षण समिति**

मॉयल की अकेंक्षण समिति का गठन तीन सदस्यीय है जिसमें से दो अ-कार्यकारी निदेशक तथा एक कार्यकारी निदेशक है ।
समिति की संदर्भित शर्तेकंपनी अधिनियम 1956 की धारा 292 ए में दर्शाई गई तथा एस.ई.बी. आय. के द्वारा मॉडेल लीस्टींग एग्रीमेंट में विज्ञप्त के अनुसार लागू है ।
वर्ष 2006-2007 के दौरान दिनांक 30 मई 2006 को श्री ए.एन.पालवनकर समिति के अध्यक्ष,श्री एम.के.मोईत्रा तथा एस.एन.पाधी समिति के सदस्य का निदेशक पद समाप्त हो गया तथा अंकेक्षण समिति के समाप्ति के परिणाम स्वरूप समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें श्री राकेश अग्रवाल को सदस्य एवं श्री एस.के.बैनर्जी को अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया । इस तरह दिनांक 31 मार्च 2007 को गठित अंकेक्षण समिति के सदस्य नीचे दर्शाएअनुसार है :-

1) श्री एस.के.बैनर्जी, अध्यक्ष

2) श्री राकेश अग्रवाल, सदस्य

3) श्री सी.पी.एन.पाठक, सदस्य

कंपनी सचिव इस समिति के सचिव के रूप में कार्य करते है ।

**II . निष्पादन पर निगरानी समिति :**

चूंकि कंपनी के निष्पादन की समीक्षा प्रत्येक तिमाही को बोर्ड की बैठक में होती है इसके पश्चात प्रबंधकीय मंत्रालय द्वारा अतः निदेशक मंडल का मानना है कि यह समिति कोई महत्वपूर्ण उद्देश्य पूरा नहीं करेगी इसलिए मंडल के विचारों को सार्वजनिक उपक्रम विभाग को सूचित कर दिया जाये । इस आधार पर इस्पात मंत्रालय के जरिए सार्वजनिक उपक्रम विभाग से आग्रह किया गया कि कंपनी के छोटे आकार व कारोबार को देखते

हुए समिति के कार्य स्वरूप के दोहरे करण को देखते हुए कंपनी को इससे वंचित किया जाए ।

**सर्व सामान्य सभा :**

कंपनी की पिछली तीन सर्व साधारण सभा का विवरण नीचे दर्शाए अनुसार है :-

| वर्ष | तारीख | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 2003-04 | 24.9.2004 | 2.00 दोपहर | पंजीकृत कार्यालय : 3 माउंट रोड एक्सटेंशन,नागपुर ,पिनः440001 |
| 2004-05 | 29.6.2005 | 3.00 दोपहर | --''-- |
| 2005-06 | 24.8.2006 | 11.00 सुबह | --''-- |

# कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अधीन मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड के 31 मार्च 2007 को समाप्त हुए वर्ष के लेखाओं पर भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम 1956 में निर्धारित वित्तीय रिपोर्टींग ढांचे के अनुसार दिनांक 31 मार्च 2007को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड की वित्तीय विवरणी बनाने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधक की है । कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (2) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए सांविधिक अंकेक्षक, कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 227 के अंतर्गत इन वित्तीय विवरणोां पर मत व्यक्त करने के लिए जवाबदार है जो उनकी व्यावसायिक निकाय, भारतीय सनदी लेखापाल संस्था द्वारा निर्धारित, अंकेक्षण एवं आश्वासन मानको के अनुकूल स्वतंत्र अंकेक्षण पर आधारित हो । यह कथन है कि वह किया गया है देखे उनकी अंकेक्षक रिपोर्ट दिनांक 29-5-2007

मैंने ,भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक की ओर से कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (3) के अंतर्गत मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड का 31मार्च 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष का वित्तीय विवरण का अनुपूरक अंकेक्षण किया है । यह अनुपूरक अंकेक्षण सांविधिक अंकेक्षकों के दस्तावेजो से गुजरे बिना स्वतंत्र रूप से किया गया तथा यह सांविधिक अंकेक्षको के प्राथमिक जांच तथा कंपनी के कार्मिक तथा कुछ चुनिंदा लेखा पुस्तकों तक सीमित था । मेरे अंकेक्षण के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसा कुछ नही आया कि कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अंतर्गत सांविधिक अंकेक्षक रिपोर्ट पर टिप्पणी या अनुपूरित करने का क रण बन सके ।

**भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक की ओर से**

**सही/-**
**(मीरा स्वरूप)**
**प्रधान निदेशक**
**वाणिज्य लेखा परीक्षा एवं पदेन सदस्य**
**लेखा परीक्षक बोर्ड (III) नई दिल्ली**

स्थानः नई दिल्ली
दिनोंक 3 जुलाई 2007

रोडी डबीर एण्ड कं., सनदी लेखाकार,217/227 दूसरा माला,
महाजन कमर्शियल,काम्पलेक्स,सिताबर्डी,नागपुर-440012

रोडी डबीर एण्ड कं.,
सनदी लेखाकार

शाखा : बी-६०१, तुलिप व्हॅली ऑफ फ्लॉवर,
ठाकुर व्हिलेज, कांदीवली (पुर्व)
मुंबई-४००१०१

# शेयर धारकों के लिए लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

हमने 31 मार्च 2007 के अनुसार मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड,नागपुर के अनुबद्ध किये तुलन पत्र का तथा उसके साथ अनुबद्ध किये तिथि को समाप्त वर्ष का लाभ हानि लेखा तथा नकद प्रवाह विवरणी (कैश फलो स्टेटमेंट) की भी लेखा परीक्षा की है । इस वित्तीय विवरणियों की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है । हमारी जिम्मेदारी सिर्फ लेखा परीक्षा पर आधारित इस वित्तीय प्रतिवेदन पर राय व्यक्त करना है ।

हमने अपनी लेखा परीक्षा भारत में सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार पुरी की है । इन मानकों में अपेक्षा की जाती है कि हम अपनी लेखा परीक्षा की योजना इस प्रकार से बनाकर लेखा परीक्षा करें कि हमें पर्याप्त विश्वास हो जाए कि वित्तीय विवरणियों में असत्य जानकारी नहीं हे । लेखा परीक्षा में यह भी शामिल है कि परीक्षण के आधार पर वित्तीय विवरणियों में दर्शाई गई राशियों तथा प्रकट किये गए लेखों के समर्थन में साक्ष्यों की परीक्षा भी की जाए । लेखा परीक्षा में प्रबंधन द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले लेखाकरण सिद्धांतों का निर्धारण करना उसी प्रकार कुल वित्तीय प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण का मुल्यांकन करना भी शामिल होता है । हमें विश्वास है कि हमारी लेखा परीक्षा में हमारी राय कायम करने हेतु पर्याप्त आधार प्रदान करता है ।

1. कंपनी अंकेक्षण रिपोर्ट ज्ञापन 2003 जो कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 227 की उप धारा (4ए) के अनुसार भारत के केन्द्र सरकार ने जारी किये अनुसार जरूरत के मुताबिक हम लागू सीमा तक उक्त आदेश के अनुच्छेद 4 एवं 5 में निर्दिष्ट किये मामलों से संबंधित विवरण परिशिष्ट "ए" में संलग्न करते है ।
2. उपयुक्त पैरा में उल्लेखित अनुबंध में दी गई हमारी टिप्पणियों के अतिरिक्त हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि :-
   अ) हमने सभी जानकारी एवं स्पष्टीकरण प्राप्त किया है और वह हमारी पुरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उचित है तथा वह हमारे लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु आवश्यक था ।
   ब) हमारी राय में विधि के अनुसार , आवश्यकता के मुताबिक उचित पुस्तकों को इस कंपनी ने जैसा कि हमारी जांच से प्रतित होता है, सुचारू ढंग से रखा है ।
   क) इस प्रतिवेदन से संबंधित तुलना पत्र, लाभ एवं हानि लेखा और नकद प्रवाही विवरण इस कंपनी के लेखा पुस्तकों से मेल खाता है ।
   ख) हमारी राय में इस प्रतिवेदन से संबंधित तुलन पत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा नकद प्रवाही विवरण कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 211 के उप धारा (3 सी) में निर्दिष्ट लेखांकरण मानकों को अनुपालन करते है ।
   ग) कंपनी ने सूचित किया हे कि कंपनी मामलों के विभाग द्वारा जारी किए गए अधिसूचना क्रं. जी.एस.आर. 829 (ई) दिनांक 21.10.2003 के अनुसार कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 274 (1) (जी) का प्रावधान सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं हे ।
   घ) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 441 (अ) के अंतर्गत देय उप कर का भुगतान नहीं किया है न ही उसका प्रावधान किया है । सरकार द्वारा भुगतान पद्धति की अधिसूचना जारी होने तक लंबित है ।
   च) हमारे मतानुसार तथा हमारी जानकारी के अनुसार तथा जैसे स्पष्टीकरण हमें दिया गया, कथित लेखा तथा उसके साथ की टिप्पणियां एवं लेखा नीति विवरण, कंपनी अधिनियम 1956 तहत आवश्यक जानकारियां प्रदान करती है तथा साधारणतया भारत में मान्य लेखा सिद्धांत के अनुरूप सत्य एवं साफ दृष्टि प्रदान करती है ।

रोडी डबीर एण्ड कं., सनदी लेखाकार,217/227 दूसरा माला,
महाजन कमर्शियल,काम्पलेक्स,सिताबर्डी,नागपुर-440012

मॉयल MOIL

रोडी डबीर एण्ड कं.,
सनदी लेखाकार

शाखा : बी-६०१, तुलिप व्हॅली ऑफ फ्लॉवर,
ठाकुर व्हिलेज, कांदीवली (पुर्व)
मुंबई-४००१०१

i) तुलन पत्र के संबंध में 31 मार्च 2007 के अनुसार इस कंपनी के स्थिति के विवरण का ।

ii) लाभ एवं हानि लेखा के संबंध में उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लाभ का विवरण

iii) नकद प्रवाही प्रतिवेदन के संबंध में, उस तिथि को समाप्त हुए नगद प्रवाह का ।

कृते रोडी डबीर एण्ड कं. सनदी लेखापाल
सही/-
(सी.ए.आशिष बडगे) भागीदार
सदस्यता क्रं. 121073

स्थानः मुबंई
दिनांक : 29.5.07

## लेखा अंकेक्षक के प्रतिवेदन का परिशिष्ट

## वर्ष 2006-2007 हेतु मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड के लेखा पर समान तिथि के हमारे प्रतिवेदन के अनुच्छेद 1 के संदर्भ में

1) कंपनी ने अपने अभिलेखों को व्यवस्थित रखा जिसमें स्थायी सम्पत्ति की स्थिति एवं उसका मात्रात्मक ब्यौरा के साथ पूरा विवरण दर्शाया गया है ।

वर्ष के दौरान प्रबंधन ने स्थायी सम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन किया तथा जांच में कोई सामग्री ग डबडी नहीं पाई गई । हमारी राय में कंपनी के आकार तथा सम्पत्तियों के प्रकार को देखते हुए स्थायी सम्पत्तियों की वर्ष के अंत में जांच उचित रही ।

वर्ष के दौरान निपटान की गई स्थायी सम्पत्तियां बहुत अधिक नहीं थी । जिसके चलते उसका कंपनी का समीक्षात्मक स्थिति में कोई प्रभाव नहीं पडा ।

2) जैसा कि हमें बताया गया, मैंगनीज अयस्क, फैरो मैंगनीज, ईएमडी भंडार तथा कल पुर्जोके स्कंध का प्रबंधन द्वारा वर्ष के दौरान उचित अंतराल में भौतिक सत्यापन किया गया ।

हमारी राय में तथा हमें दी गई सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी के आकार तथा व्यवसाय के स्वरूप को देखते हुए प्रक्रिया उचित एवं पर्याप्त थी ।

हमारी राय में तथा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने स्कंध के लिए पर्याप्त अभिलेखों को तैयार किया तथा अभिलेख पुस्तकों एवं भौतिक स्कंध के बीच भौतिक जांच में जो अंतर मिला वह वस्तुगत नहीं था उसे लेखा पुस्तकों में उचित ढंग से दर्ज किया गया ।

3) कंपनी ने ऐसी किसी भी कंपनी , फर्म अथवा अन्य किसी पार्टी से न तो ऋण ,सुरक्षित व असुरक्षित रूप में लिया या दिया जिनका ब्यौरा रखना कंपनी विधि, 1956 की धारा 301 के अंतर्गत आता है ।

4) हमारी राय में तथा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के आकार एवं व्यवसाय के प्रकार को देखते हुए स्कंध

रोडी डबीर एण्ड कं., सनदी लेखाकार,217/227 दूसरा माला,
महाजन कमर्शियल,काम्पलेक्स,सिताबर्डी,नागपुर-440012

रोडी डबीर एण्ड कं.,
सनदी लेखाकार

शाखा : बी-६०१, तुलिप व्हॅली ऑफ फ्लॉवर,
ठाकुर विलेज, कांदीवली (पुर्व)
मुंबई-४००१०१

, स्थायी सम्पत्तियों की खरीदी तथा मालकी बिक्री के संबंध में पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण प्रक्रिया अपनाई गई ।

5) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार ऐसा कोई व्यवहारनहीं हुआ जिसका हिसाब रखना कंपनीज विधि, 1956 की धारा 301 के अंतर्गत आवश्यक है ।

6) कंपनी ने आम जनता से किसी प्रकार जमा स्वीकार नहीं की, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश, कंपनी विधि, 1956 की धारा 58 ए तथा 58 ए ए के अंतर्गत निर्धारित नियम लागू नहीं होते है ।

7) हमारी राय में, कंपनी के आकार तथा व्यवसाय के प्रकार को देखते हुए कंपनी की आंतरिक अंकेक्षण प्रणाली पर्याप्त है ।

8) केन्द्र सरकार ने, कंपनी विधि, 1956 की धारा 209 (1) (डी ) केतहत लागत अभिलेख तैयार करने की बात निर्धारित नहीं की है ।

9) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार तथा हमारे द्वारा लेखा पुस्तकों की जांच के आधार पर, कंपनी, वर्ष के दौरान भविष्य निधि, आयकर, बिक्री कर, उत्पाद शुल्क, सेस (उपकर ) जैसे अविवादित वैधानिक देय तथा अन्य वैधानिक देयों को उचित प्राधिकरणों को चुकाने के मामले में नियमित रही ।

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 441 (अ) के अनुसार देय उपकर की केन्द्रीय सरकार द्वारा आज तारीख तक निश्चित नहीं की है । अतः नियमितता या उक्त राशि जमा करने बाबत कोई टिप्पणी करने की स्थिति में कंपनी नहीं है ।

कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार मध्यप्रदेश ग्रामिण अवसंरचना तथा सडक विकास अधिनियम 2005 के तहत खनिज युक्त भूमि मूल्य रूपये 1111.11 लाख का विवाद, जिसके लिए उच्च न्यायालय, जबलपुर ने स्थगन दे रखा है के अलावा आयकर ,बिक्री कर, संपती कर, सेवाकर, कस्अम ड्यूटी, उत्पाद कर एवं उपकर के कोई भी विवाद के देय बाकी नहीं है ।

10) वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी का कोई भी जमा घटा नहीं रहा, न ही वित्तीय वर्ष में, कोई नगद घाटा हुआ और न ही इस वित्त वर्ष के पूर्व वर्ष में ।

11) कंप्नी ने न तो किसी वित्तीय संस्थान अथवा बैंक से ऋण लिया और न ही ऋण पत्र जारी किया ।

12) कंपनी ने किसी जमानत के आधार पर अंशों, ऋण पत्रों का अन्य जमानत को गिरवी रखकर किसी भी प्रकार का ऋण अथवा अग्रिम जारी नहीं किया ।

13) कंपनी कोई चिट फण्ड, निधि, म्युचअल बेनिफिट फण्ड और सोसायटी नहीं है अतः आदेश का उपबंध 4(XIII) लागू नहीं होता ।

14) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी अंशों, सिक्यूरिटी ऋण पत्रों तथा अन्य निवेश पत्रों के कारोबार या सौदे में लिप्त नहीं है । अतः आदेश का 4(XIV) लागू नहीं होता ।

15) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के आधार पर, कंपनी ने किसी अन्य द्वारा बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों से किए गए किसी भी ऋण के लिए गारंटी नहीं दी है ।

16) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के आधार पर, कंपनी ने किसी प्रकार का ऋण नहीं लिया ।

17) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के आधार पर, कंपनी ने अल्प अवधि के आधार पर कोई कोष नहीं प्राप्त किया सभी

रोडी डबीर एण्ड कं., सनदी लेखाकार,217/227 दूसरा माला,
महाजन कमर्शियल,काम्पलेक्स,सितावर्डी,नागपुर-440012

रोडी डबीर एण्ड कं,
सनदी लेखाकार

शाखा : बी-६०१, तुलिप व्हॅली ऑफ फ्लॉवर,
ठाकुर व्हिलेज, कांदीवली (पुर्व)
मुंबई-४००१०१

सम्पत्तियां अंशधारकों के कोष द्वारा प्रेषित की गई ।

18) कंपनी ने किसी भी पार्टी या ऐसी कंपनी के पक्ष में पूर्वाधिकार अंशों का आबंटन नहीं किया । जिनका रजिस्टर रखना कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 301 की सीमा में आता है ।

19) कंपनी ने किसी प्रकार का ऋण पत्र जारी नहीं किया ।

20) वर्ष के दौरान कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम के जरिए पैसा नहीं उगाहा है ।

21) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी में अथवा कंपनी द्वारा किसी प्रकार की सूचित या दर्ज धोखाघडी नहीं हुई ।

कृते रोडी डबीर एण्ड कं.
सनदी लेखापाल
सही/-
(सी.ए.आशिष बडगे )
भागीदार
सदस्यता क्रं. 121073

स्थानः मुबंई
दिनांक : 29.5.07

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

## ३१ मार्च २००७ की स्थितिनुसार तुलन पत्र

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 | 31-03-2006 |
|---|---|---|---|
| अ) निधी का स्त्रोत | | | |
| भागीधारियों की निधी | | | |
| अ) शेयर पूंजी | 1 | 280000000 | 153251400 |
| ब) आरक्षित तथा अधिशेष निधी | 2 | 4400367557 | 3440457322 |
| योग : | | 4680367557 | 3593708722 |
| २) विलंबित कर देयता | 20(16) | 108353094 | 42510856 |
| योग : | | 4788720651 | 3636219578 |
| ब) निधीयों का उपयोग : | | | |
| स्थायी संपतियां | | | |
| अ) सकल परिसंपति | 3 | 1715196933 | 1392847368 |
| ब) कम करें: मूल्य ऱ्हास | | (954307866) | (843514730) |
| क) शुद्ध परिसम्पति | | 760889067 | 549332638 |
| ड) पूंजीगत चालू निर्माणकार्य | | 411340521 | 125574422 |
| योग : | | 1172229588 | 674907060 |
| २) निवेश : | 4 | 128360 | 153360 |
| ३) चालू परिसम्पतियां कर्ज तथा अग्रिम राशियां : | | | |
| चालू परिसम्पतियां | 5 | | |
| अ) वस्तु सूचियां | | 313212327 | 598793508 |
| ब) विविध लेनदार | | 499856227 | 455678261 |
| क) नगद एवं बैंक में शेष जमा | | 3214940245 | 2181395805 |
| ड) अन्य चालू परिसम्पतियां | | 114319029 | 62421071 |
| योग : | | 4142327828 | 3298288645 |
| कर्जे -अग्रिम राशियां | 6 | 142221700 | 174287928 |
| योग : | | 4284549528 | 3472576573 |
| कम करें : | | | |
| चालू देयताएं तथा व्यवस्थाएं | | | |
| चालू देयताएं | 7 | (762569827) | (534922377) |
| व्यवस्थाएं | 8 | (27924740) | (109817548) |
| योग : | | (790494567) | (644739925) |
| शुद्ध चालू परिसम्पतियां | | 3494054961 | 2827836648 |
| 4) उस सीमा तक विविध खर्च जिसे बही खाते में नहीं डाला गया या समयोजित नहीं किए गये वी.आर.एस.खर्च जिसे बही खाते में नही डाला गया | | 38490502 | 70986450 |
| ब) जंगली भूमि पथांतर व्यय का शुद्ध वर्तमान मूल्य | | 83817240 | 62336060 |
| योग : | | 4788720651 | 3636219578 |

अनुसूची क्रं. १ से २१ वित्तीय विवरण का अभिन्न अंग है।
यह हमारी सम तारीख की रिपोर्ट में उल्लेखित तुलनपत्र है।
कृते रोडी डबीर एण्ड कं.
सनदी लेखापाल के लिए

सही
(सी.ए. आशिष बडगे)
भागीदार
सदस्यता क्र. 121073

सही
(बी.दास गुप्ता)
कम्पनी सचिव

सही
(के.जी.कविश्वर)
उपमहाप्रबंधक (वित्त)

स्थान : मुंबई
दिनांक : 29.5.07

सही
(एम.ए.व्ही.गौतम)
निदेशक (वित्त)

सही
(के.एल.मेहरोत्रा)
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

## ३१ मार्च २००७ को समाप्त वर्ष का लाभ हानि लेखा

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 | 31-03-2006 |
|---|---|---|---|
| **आय** | | | |
| कुल बिक्री | 9 | 4176299106 | 3340995831 |
| कम करें : उत्पादन शुल्क | 15 | 33178021 | 43515353 |
| विक्री | | 4143121085 | 3297480478 |
| अन्य आय | 10 | 341925828 | 220934218 |
| अधोन्नति व्यवस्था | 11 | 1486125 | 1079274 |
| भंडार में वृद्धि (ऱ्हास) | | | |
| स्थायी सम्पति की विक्री पर लाभ | 12 | (292046045) | 110933689 |
| योग : | | 4194486993 | 3630427659 |
| **खर्च** | | | |
| अयस्क (ओर) उत्खनन/प्रचालन खर्च | 13 | 1477187865 | 1362665205 |
| कच्चा माल उपयोग तथा विर्निमाण खर्च | 14 | 272029609 | 195647549 |
| बंद भंडार की विभिन्नता पर उत्पाद शुल्क | 15 | (2312311) | (6936198) |
| प्रशासनिक तथा विक्री खर्च | 16 | 223668151 | 196329702 |
| अनुसंधान एवं विकास खर्च | 17 | 20798598 | 12811529 |
| बट्टे खाते में डालना और व्यवस्थाएं | 18-अ | 28837283 | 20902936 |
| जंगल भुमी विविधीकरण खर्च | | 11574361 | 1902400 |
| बट्टे खाते में डाले गये विविध खर्च | 18-ब | 60625886 | 52358197 |
| योग : | | 2092409442 | 1835681320 |
| मूल्य ऱ्हास तथा ब्याज से पहले का सकल लाभ | | 2102077551 | 1794746339 |
| मूल्य ऱ्हास | | (123537020) | (103546929) |
| वार्षिक लाभ | | 1978540531 | 1691199410 |
| विगत काल का समायोजन | 18स | 32917110 | (1151204) |
| कराधान पूर्व लाभः | | 2011457641 | 1690048206 |
| चालू वर्ष के लिए आयकर की व्यवस्था | 609738676 | | |
| पिछले वर्ष के दौरान विलंबित कर देयता | (8875818) | (600862858) | (546972417) |
| चालू वर्ष के लिए फ्रिंज बेनीफिट कर का प्रावधान | 2754967 | | |
| पिछले वर्ष के फ्रिंज बेनीफिट कर का प्रावधान | (77257) | (2677710) | (3177000) |
| देयता/परिसम्मपति पर अस्थगित कर | | (65842238) | 5272041 |
| कराधान पश्चात लाभः | | 1342074835 | 1145170830 |
| पिछले वर्ष से शेष लाभ | | 14796067 | 6794226 |
| विनियोग हेतु उपलब्ध लाभ राशि | योग : | 1356870902 | 1151965056 |
| **विनियोजन** | | | |
| सम्यक शेयरों पर प्रस्ताविक लाभाशं 50% (50%) | | 56000000 | 76625700 |
| सरचार्ज सहित लाभांश पर कर | | 9517200 | 10746754 |
| सामान्य अंश पूजि पर अंतरिम लाभांश 80% (80%) | | 224000000 | 122601120 |
| अंतरिम लाभांश का समावेश करते हुए कर | | 31416000 | 17194807 |
| सामान्य आरक्षिती को स्थानांतरित | | 1030000000 | 910000608 |
| अग्रेनित शेष | | 5937702 | 14796067 |
| | योग | 1356870902 | 1151965056 |
| प्रति सामान्य अंश पूंजी पर आय | | 1342074835 | 1145170830 |
| प्रति १०० रूपये के सामान्य शेयर पर आय | | 479.31 | 408.99 |

अनुसूचि क्रमांक १ से २१ वित्तीय विवरण का अभिन्न अंग है।
यह हमारी सम तारीख की रिपोर्ट में उल्लेखित लाभ-हानि लेखा है।

कृते रोडी डबीर एण्ड कं.
सनदी लेखापाल के लिए

| सही | सही | सही | सही | सही |
|---|---|---|---|---|
| (सी.ए.आशिष बडगे) | (बी.दास गुप्ता) | (के.जी.कविश्वर) | (एम.ए.व्ही.गौतम) | (के.एल.मेहरोत्रा) |
| भागीदार | कम्पनी सचिव | महाप्रबंधक (वित्त) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक |

सदस्यता क्र. 121073

## मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 | 31-03-2006 |
|---|---|---|---|
| **अनुसूची - १** | | | |
| **शेयर पूंजी** | | **अधिकृत** | |
| 2,00,000 रुपये 100/- प्रत्येक के 7.5% संचयी अधिमान शेयर | | **20000000** | 20000000 |
| 28,00,000 रुपये 100/- प्रत्येक के सम्यक शेयर | | **280000000** | 280000000 |
| | | **300000000** | 300000000 |
| **निर्गमित तथा अभिदत्त :** | | | |
| 28,00,000 रुपये 100/- प्रत्येक के सम्यक शेयर | | **280000000** | 153251400 |
| | **योग :** | **280000000** | 153251400 |
| 1267486 रुपये 100/- प्रत्येक के सम्यक शेयर | | | |
| **अनुसूची - २** | | | |
| **आरक्षित एवं अधिशेष निधी** | | | |
| **पूंजीगत आरक्षित निधी** | | | |
| पिछले तुलन पत्र के अनुसार | | **661255** | 661255 |
| | | **661255** | 661255 |
| **अनुसंधान एवं विकास हेतू आरक्षण निधी** | | | |
| पिछले तुलन पत्र के अनुसार | | **5000000** | 5000000 |
| | | **5000000** | 5000000 |
| **सामान्य आरक्षित निधी** | | | |
| पिछले तुलन पत्र के अनुसार | | **3420000000** | 2509999392 |
| लाभ हानि लेखा से अंतरित | | **(126748600)** | 0 |
| | | **3293251400** | 2509999392 |
| लाभ हानि लेखा से अंतरित | | **0** | 910000608 |
| | | **3293251400** | 3420000000 |
| **लाभ हानि लेखा** | | | |
| लाभ का शेष | | **1101454902** | 14796067 |
| | **योग :** | **4400367557** | 3440457322 |

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

अनुसूची - ३ | स्थायी परिसंपत्ती - 2006 & 2007 | आकडे रूपयो में

| क्र. | संपत्ती का ब्योरा | सकल परिसंपत्ती | | | | मूल्य ह्रास | | | | शुद्ध परिसंपत्ती | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-3-2005 के अनुसार | परिवर्धन (अडिसन्स) | विक्री/रद्द | 31.3.2007 के अनुसार | 31.3.2006 के अनुसार | वर्ष के लिए | क्षतिपूर्ति/ अपक्रमीत | 31.3.2007 के अनुसार | 31.3.2007 के अनुसार | 31.3.2006 के अनुसार |
| 1 | भूमि | 8348788 | 0 | 0 | 8348788 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8348788 | 8348788 |
| 2. | पट्टेधारी भूमि | 3476357 | 450000 | 0 | 3926357 | 766281 | 192323 | 0 | 958604 | 2967753 | 2710076 |
| 3. | भूमि एवं इमारत | 215915536 | 29412708 | 1038474 | 244289770 | 80012286 | 8289339 | 321831 | 87979794 | 156309976 | 135903250 |
| 4. | डाटा प्रोसेसिंग मशिनरी | 12623591 | 1000033 | 0 | 13623624 | 8969293 | 1632605 | 0 | 10601898 | 3021726 | 3654298 |
| 5. | संयंत्र व मशिनरी | 1071200455 | 79771831 | 13390571 | 1137581715 | 699758889 | 85554453 | 12154849 | 773158493 | 364423222 | 371441566 |
| 6. | वींड टरबाइन जनरेटर | 0 | 221550000 | 0 | 221550000 | 0 | 19090225 | 0 | 19090225 | 202459775 | 0 |
| 7. | रेल्वे साईडींग | 3817708 | 0 | 0 | 3817708 | 332076 | 483658 | 0 | 815734 | 3001974 | 3485632 |
| 8. | फर्निचर एवं कार्यालयीन उपकरण | 33665986 | 3887398 | 404690 | 37148694 | 23779671 | 4266426 | 267204 | 27778893 | 9369801 | 9886315 |
| 9. | वाहन | 43798947 | 1111330 | 0 | 44910277 | 29896234 | 4027991 | 0 | 33924225 | 10986052 | 13902713 |
| | कुल योग | 1392847368 | 337183300 | 14833735 | 1715196933 | 843514730 | 123537020 | 12743884 | 954307866 | 760889067 | 549332638 |
| | | | | | | | | | चालु कार्य | 411340521 | 125574422 |
| | | | | | | | | | योग | 1172229588 | 674907060 |
| | पिछले वर्ष | 1263896652 | 133867437 | 4916721 | 1392847368 | 743375553 | 104698131 | 4558954 | 843514730 | 549332638 | 520521099 |

१. नागपूर कार्यालय स्थित भूमि एवं इमारत मूल्य - न्हास के प्रयोजन हेतु सामुहित, की गई है क्योंकि भूमि का मूल्य निश्चित नहीं किया गया है।

२. डाटा प्रोसेसिंग मशिनरी से संयंत्र एवं मशीनरी से अलग रखी गई है और अलग से दर्शाई गई है।

३. इस वर्ष हटाई गई/बेची हुई परिसम्पत्ती पर निकाला गया मूल्य न्हास रूपये 12743884/- रूपये (4558954/-) इस वर्ष के मूल्य हास में ई.एम.डी. संयंत्र के 6207781/- रूपये (3861952/-) का समावेश है।
इस वर्ष के मूल्य न्हास में फेरो मैंगनीज संयंत्र के 2940194/- रूपये (3361743/-) का समावेश है।
इस वर्ष के मूल्य-हास में विन्ड टरबाईन जनरेशन युनिट के 19108975/- (NIL) का समावेश है।

४. पूंजीगत कार्य प्रगति पर है जिसमें पूंजीगत कार्य के लिए ठेकेदारों का अग्रिम राशि रूपये 43654615/- (90945532/-) का समावेश है !

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 रूपये | 31-03-2006 रूपये |
|---|---|---|---|
| **अनुसूचि - 4** | | | |
| **निवेश** | | | |
| 5/- रूपये के (500) शेयर प्रत्येक के पुर्ण दत्त शेयर खदानों के सहकारी भंडारो में | | 2500 | 2500 |
| 25/- रूपये के (1612) शेयर प्रत्येक के पुर्ण दत्त शेयर खदानों के सहकारी समितीयों का | | 40300 | 40300 |
| 10/- रूपये के 8556 (11056) शेयर प्रत्येक के पुर्ण दत्त शेयर खदानों के सहकारी समितीयों में | | 85560 | 110560 |
| योग : | | 128360 | 153360 |

टिप्पणी : १) ०.०३ लाख रूपये मूल्य (रूपये 0.03 लाख) के शेयर उन सहकारी भंडारो में है जे पंजीकृत नहीं है।
२) शेयर अनुदधृत है तथा लागत पर है !

| विवरण | | 31-3-2007 रूपये | 31-03-2006 रूपये |
|---|---|---|---|
| **अनूसूची - 5** | | | |
| **चालू परिसम्पत्तियाँ** | | | |
| (i) वस्तू सूचियाँ : | | | |
| लागत पर मुल्यांकित एवं प्रबंधन द्वारा प्रमाणित कच्चे माल का भंडार (संग्रह) | | 9886801 | 8137171 |
| लागत पर मुल्यांकित एवं प्रबंधन द्वारा प्रमाणित भंडार सामग्री एवं स्पेयरो का भंडार | 40216392 | | |
| कम करे : अप्रचलित भंडार सामग्री एवं स्पेयरो की बिक्री पर हानि हेतू व्यवस्था | (498517) | 39717875 | 37337785 |
| मार्गस्त माल (स्टॉक इन ट्रांजिस्ट) लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य पर इनमें जो कम है उस अनुसार एवं प्रबंधन द्वारा प्रमाणित | | 2335144 | 0 |
| मार्गस्त माल (स्टॉक इन ट्रांजिंट) | | 260044909 | 552649617 |
| चालू कार्य | | 1227598 | 668935 |
| योग : | | 313212327 | 598793508 |
| ii) विविध देनदारियाँ | | | |
| क) वस्तु माने हुए ६ माह के उपर अवधि | | | |
| अदत्त ऋण (कर्ज) | | 246413 | 2933154 |
| अन्य | | 499609814 | 452745107 |
| ख) संदिग्ध माने हुए | | 6066465 | 7059304 |
| उपयोग : | | 505922692 | 462737565 |
| कम करे : संदिग्ध देनदारियों का प्रावधान | | (6066465) | (7059304) |
| योग : | | 499856227 | 455678261 |

Contd...

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 रूपये | 31-03-2006 रूपये |
|---|---|---|---|
| अनूसूची - 5 (CONTD) | | | |
| iii) नगद एवं बैंक शेष | | | |
| उपलब्ध नगद मुख्यालय | | 118972 | 153904 |
| -खदानों में | | 799965 | 702033 |
| अनुसूचित बैंको में रोख | | | |
| (अ) फिक्स डिपॉझिटों में | | 3186372046 | 2145213550 |
| (ब) चालु खातो में | | 27649262 | 35326318 |
| योग : | | 3214940245 | 2181395805 |
| iv) अन्य चालू परिसम्पत्तियों : | | | |
| फिक्स एवं न्यू डिपाजिटों पर उपर्जित ब्याज | | 105962842 | 56381587 |
| विविध प्राप्त होने योग्य राशियाँ | | 8356187 | 6039484 |
| योग : | | 114319029 | 62421071 |
| कुल योग : | | 4142327823 | 3298288645 |

टिप्पणी :

१) उपलब्ध नगद राशि में 6335/-रूपये (11,133/-)मुल्य के रेवेन्यू स्टम्प एवं पोस्टेज का समावेश है ।

२) 156.86/-लाख (137.54/-लाख) रूपये की सविधी जमा राशि बैंक/सरकारी विकल्पों में बैंक गॅरन्टी/जमानत के लिए रखी गई है !

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 रूपये | 31-03-2006 रूपये |
|---|---|---|---|
| अनूसूची - 6 | | | |
| कर्ज एवं पेशगियां | | | |
| (शोध्य मानी हुई) | | | |
| i) सुरक्षित | | 15473542 | 15668654 |
| कर्मिको को कर्ज | | 6777697 | 7813646 |
| भंडार सामग्री, स्पेयर्स,संयंत्र एवं मशीनरी तथा | | | |
| भूमि खरिद (क्रय) हेतु पेशगियां | 10230399 | | |
| कम करे : संदिग्ध पेशगियां हेतु व्यवस्थाएं | 480567 | 9749832 | 10414968 |
| ठेकेदार एवं अन्य को पेशगियां हेतु व्यवस्थाएं | | 19160198 | 24447610 |
| प्राप्त दावे | 71753 | | |
| कम करे : संदिग्ध वसूली हेतु व्यवस्थाएं | 71753 | 0 | 0 |
| पूर्वदत्त खर्च | | 5067839 | 4213366 |
| रेल्वे, विद्युत मंडल एवं अन्य | | | |
| की ओर जमा | | 35325586 | 34875632 |
| अग्रिम आयकर प्रदत्त (शुद्ध) | | 50667006 | 76854052 |
| योग : | | 142221700 | 174287928 |
| टिप्पणी : | | | |
| 1. (क) अधिकारियों को पेशगियां | | 0 | 0 |
| (ख) वर्ष के दौरान किसी एक अधिकारी पर अधिकतम अदत्त राशियां | | 152130 | 0 |
| 2. (क) अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पेशगियां (अग्रिम) | | 0 | 0 |
| (ख) वर्ष के दौरान अधिकतम बकाया राशि | | 0 | 0 |
| 3. म.रा.वि. मंडल एवं म.प्र.वि. मंडल के तरफ ठेवी जिसमें ब्याज का समावेश होता है । | | 29113476 | 29113476 |

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 रूपये | 31-03-2006 रूपये |
|---|---|---|---|
| **अनूसूची - 7** | | | |
| चालू देयताएं : | | | |
| विविध लेनदार | | | |
| i) एस.एस.आई. (३० दिन से अधिक दिनों हेतु १ लाख रूपये या अधिक अदत्त राशि) | 407857 | | |
| ii) अन्य | 197149478 | 197557335 | 8957616 |
| ग्राहको से पेशगियां | | 47350743 | 61554001 |
| पूर्तिकार, ठेकेदार एवं अन्य से सुरक्षा | | 73734023 | 72544641 |
| खर्च हेतू देयताएं | | 305067930 | 283217931 |
| अन्य देयताएं | | 138859796 | 18648188 |
| योग : | | 762569827 | 534922377 |
| **अनूसूची - 8** | | | |
| व्यवस्थाएं : | | | |
| सम्यक शेयरों पर प्रस्तावित लाभांश | | 56000000 | 76625700 |
| लाभांश कर हेतु व्यवस्था | | 9517200 | 10746754 |
| बकाया छुट्टियों हेतु व्यवस्था | | | |
| 31.3.2007 की दायित्वे | 117168463 | | |
| कम करे : एल.आय.सी. निधी | 105416353 | 11752110 | 12423712 |
| खान बंद खर्च हेतु व्यवस्था | | 16172630 | 10021382 |
| योग : | | 93441940 | 109817548 |
| **अनूसूची - 9** | | | |
| बिक्री | | | |
| ii) मॅगनीज ओर की बिक्री | | 3778329229 | 3027301650 |
| ii) ई.एम.डी. की बिक्री | | 31000322 | 65656127 |
| iii) फेरो मॅगनीज की बिक्री | | 366969555 | 248038054 |
| योग : | | 4176299106 | 3340995831 |
| **अनूसूची - 10** | | | |
| अन्य प्राप्य | | | |
| ब्याज | | | |
| जमा राशियों पर | | 219972928 | 134416455 |
| पेशगियों पर | | 2619576 | 1650210 |
| बकाया राशियों पर | | 16026812 | 10885998 |
| आयकर/बिक्री कर वापसी पर | | 3271964 | 35054709 |
| कार्मियों से वसूली | | 8208953 | 3114014 |
| किराया | | 212157 | 183312 |
| बिजली | | 1467537 | 1233449 |
| शाला बस | | 219978 | 200745 |
| विद्युतीकरण की आय | | | |
| फेरो मॅगनीज स्लैग से | | 29394584 | 0 |
| भंगार की बिक्री | 7528219 | | |
| कम करे : उत्पाद शुल्क | 85195 | | |

Contd...

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

| विवरण | | अनुसूची | 31-3-2007<br>रूपये | 31-03-2006<br>रूपये |
|---|---|---|---|---|
| अनूसूची - 10 (CONTD) | | | | |
| उत्पाद शुल्क की शुद्ध बिक्री | | | 7443024 | 2565704 |
| इमारतों का किराया | | | 1065000 | 960000 |
| कल्याण आयुक्त से प्रतिपूर्ती आयुक्त | | | 152911 | 84922 |
| विविध आय | | | 4611542 | 3628017 |
| ई.एम.डी. जप्त | | | 9862872 | 0 |
| बिक्रीकर छुट से वापसी | | | 7292257 | 11201018 |
| फेरो मँगनीज स्लैग की बिक्री | | 35025481 | | |
| कम करे : उत्पाद शुल्क | | 4921748 | | |
| फेरो मँगनीज स्लैग की बिक्री शुद्ध | | | 30103733 | 15755665 |
| | योग : | | 341925828 | 220934218 |
| अनूसूची - 11<br>व्यवस्थाएं पुनर्लिखित | | | | |
| संदिग्ध कर्ज व्यवस्था | | | 992840 | 1065801 |
| संदिग्ध अग्रिम व्यवस्थापूर्तिकार | | | 0 | 13473 |
| लंबित व्यवस्था की आवश्यकता नहीं | | | 493285 | 0 |
| | योग : | | 1486125 | 1079274 |
| अनूसूची -12<br>भंडार में वृध्दि/(न्हास) | | | | |
| (i) अवयस्क | | | | |
| बंद भंडार | | | 192290777 | 467271643 |
| कम करे : खुला भंडार | | | (467271643) | (306944349) |
| | | | (274980866) | 160327294 |
| (ii) ई.एम.डी. का | | | | |
| बंद भंडार | | | 47535305 | 14167331 |
| कम करे : खुला भंडार<br>(में चालू कार्य शामिल है) | | | (14167331) | (7719316) |
| | योग : | | 33367974 | 6448015 |
| (iii) फेरो मँगनीज का | | | | |
| बंद भंडार | | | 21446426 | 71879579 |
| कम करे : खुला भंडार | | | (71879579) | (127721199) |
| | | | (50433153) | (55841620) |
| | योग : | | (292046045) | 110933689 |

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 रुपये | 31-03-2006 रुपये |
|---|---|---|---|
| अनूसूची - 13 | | | |
| अयस्क उत्खणन/प्रचालन खर्च | | | |
| वेतन, मजुरी एवं भत्ते | | 655242204 | 602135109 |
| पी.एफ. व इतर निधिचे अंशदान | | 69955264 | 64809572 |
| बोनस | | 10942 | 29344 |
| समूह उत्पादन बीमा एवं अन्य उपदान (ग्रैज्युइटी) | | 75230588 | 73228963 |
| कल्याण खर्च | | 43339324 | 50373882 |
| ठेकेदारों के द्वारा परिवहन, रेलिंग एवं अन्य कार्य | | | |
| ठेकेदार | | 204180990 | 178388746 |
| भंडार सामग्री एवं स्पेअर्स | | 246187072 | 229269433 |
| विद्युत एवं इंधन | | 109458192 | 94152000 |
| रेल्वे सायडिंग एवं देखभाल | | 4549163 | 2508638 |
| मरम्मत तथा अनुरक्षण : | | | |
| इमारते | | 21844371 | 15715388 |
| संयंत्र एवं मशिनरी | | 32695672 | 27278903 |
| फर्निचर एवं फिक्चर्स | | 3075996 | 2656542 |
| वाहन | | 9677724 | 8707422 |
| किराया | | 133948 | 178291 |
| दर तथा कर | | 9348289 | 9009476 |
| बीमा | | 2769495 | 3341468 |
| मुद्रण एवं स्टेशनरी | | 1598631 | 1515186 |
| पोस्टेज, तार एवं दूरभाष/फॅक्स | | 1510614 | 1265106 |
| मनोरंजन | | 26810 | 48706 |
| यात्रा एवं वाहन भत्ता | | 8141163 | 7772486 |
| पी.एफ. का प्रशासनिक खर्च | | 5303668 | 4915292 |
| व्यवस्थापन प्रशिक्षण | | 3521083 | 3516126 |
| विविध खर्च | | 7568676 | 4888132 |
| उप-योग | | 1515369879 | 1385704211 |
| कम करे : ई.एम.डी. एवं फेरो मॅंगनीज | | | |
| संयत्र की ओर हस्तांतरीत मॅंगनीज ओर चा खर्च | | 38182014 | 23039006 |
| योग | | 1477187865 | 1362665205 |

टिप्पणियां :

1. संपत्ती की दुरुस्ती एवं परिक्षण में वेतन व मजुरी रु. 31681674/- (रु. 24721685/-) और भंडार सामग्री एवं सुटे भाग रु. 3913423/- (रु. 3408153/-) का समावेश होता है !
2. मुख्य कार्यालय में कर्मचारियों को उपदान का समावेश होता है !

# मैगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड नागपुर

| विवरण | अनुसूची | 31-3-2007 रूपये | 31-03-2006 रूपये |
|---|---|---|---|
| **अनूसूची - 14** | | | |
| **विनिर्माण खर्च** | | | |
| **अ) इलेक्ट्रोलिटीक मँगनीज डायऑक्साईड** | | | |
| वेतन, मजदूरी एवं भत्ते | | 9574271 | 8838706 |
| भविष्य निधी के अंशदान | | 725175 | 294121 |
| उपदान | | 619401 | 459131 |
| कल्याण खर्च | | 277834 | 414538 |
| ठेकेदारों को भुगतान (पेमेंट) | | | |
| अयस्क घट (रिडक्शन) खर्च | | 8074574 | 12392230 |
| अन्य | | 1293695 | 661883 |
| कच्चे माल का उपयोग | | 2922609 | 3757059 |
| विविध उपयोग्यताएं | | 3334485 | 1758531 |
| संयंत्र एवं मशनरी की मरम्मत | | 741620 | 84958 |
| बीमा | | 109405 | 151324 |
| विद्युत एवं इंधन | | 16883474 | 16572561 |
| प्रवास एवं यात्रा भत्ता | | 111415 | 330039 |
| भविष्य निधी का प्रशासनिक शुल्क | | 114328 | 127860 |
| भंडार सामग्री का हैंडलिंग | | 14213 | 17935 |
| विविध खर्च | | 229380 | 49528 |
| | योग : | 45025879 | 45910404 |
| **ब) फेरो मँगनीज** | | | |
| वेतन, मजदूरी एवं भत्ते | | 5820719 | 5447722 |
| भविष्य निधी के अंशदान. | | 515623 | 475368 |
| उपदान | | 421090 | 276936 |
| कल्याण खर्च | | 351255 | 34576 |
| ठेकेदारों को भुगतान (पेमेंट) | | 5218108 | 3364106 |
| कच्चे माल का उपभोग | | 90809435 | 56273693 |
| विविध उपभोगता | | 2529334 | 2995877 |
| संयंत्र एवं मशनरी की मरम्मत | | 586494 | 155449 |
| बीमा | | 40463 | 84799 |
